जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू
Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 213 प्रभात चूरू, शनिवार 30 नवम्बर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## सी.डब्ल्यु.सी की बैठक में कांग्रेस ने चुनाव की पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगाये

### पर, पार्टी ने कुछ हिचकिचाहट दिखाई, मतपत्र के माध्यम से वोटिंग कराने की प्रक्रिया पर लौटने के बारे में

-रेणु मित्तल -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। हरियाणा और महाराष्ट्र में जबरदस्त हार के बाद, कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े किये है लेकिन सी.डब्ल्यू.सी. मीटिंग के बाद आये प्रस्ताव में, पार्टी ने मतपत्र से चुनाव कराने की व्यवस्था पर लौटने के मसले पर कुछ हिचकिचाहट दिखाई। लौटने के लिये कहने से बचती नजर आई।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सी.डब्ल्यू.सी. का 2018 का वह प्रस्ताव पढ़ कर सुनाया, जिसमें पार्टी ने कहा था कि वह मतपत्र-व्यवस्था पर लौटना तथा ई.वी.एम. व्यवस्था को छोड़ देना चाहती है।

इस बिन्दु पर कई नेता बोले, लेकिन सर्वाधिक स्पष्ट शब्दों में केवल प्रियंका गांधी ने ही कहा कि पार्टी इस बिन्दु पर बिल्कुल स्पष्ट होनी चाहिये कि वह ई.वी.एम. व्यवस्था चाहती है या मतपत्र व्यवस्था चाहती है तथा इस मामले में स्थिति गोलमोल या अस्पष्ट नहीं होनी

- प्रियंका गांधी ने जरूर स्पष्ट शब्दों में कहा, कि पार्टी को साफ कहना चाहिए वह ई.वी.एम. के पक्ष में है या बैलट पेपर से चुनाव कराने के पुराने सिस्टम के। इसमें असमंजस की स्थिति नहीं होनी चाहिये। जहां तक उनकी व्यक्तिगत राय है, वे मतपत्र (बैलट पेपर) से मतदान के पक्ष में हैं।
- राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी को सदा अल्पसंख्यकों (मुसलमानों) के समर्थन में बोलना चाहिये, जब भी उन पर हमला होता है, जैसा हाल ही में यू.पी. में हुआ है। राहुल का कथन, पार्टी के उस वर्ग के लिए जवाब था, जो राहुल को सम्भल न जाने की सलाह दे रहे थे, क्योंकि उनकी यात्रा से तो इस छवि को मजबूती मिलती है, कि कांग्रेस मुस्लिम परस्त पार्टी है।
- खड़गे ने कहा, कि पार्टी को पुनः पटरी पर लाना है, पर इस राह में कई रूकावटें हैं, वरिष्ठ नेताओं के रूप में। खड़गे ने इस सन्दर्भ में यह भी कहा कि सख्त निर्णय लिये जायेंगे आने वाले कुछ दिनों में।
- कुछ कमेटियां भी बनाई गई हैं, जो आन्तरिक तौर पर राय देंगी, कैसे पार्टी को चुस्त व चुनाव लड़ने के लिए प्रभावी तौर पर तैयार किया जा सके।

चाहिये। उन्होंने कहा कि जहाँ तक उनका प्रश्न है, वे मतपत्र व्यवस्था के पक्ष में हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि जब भी अल्पसंख्यकों पर हमले होते हैं, उस समय पार्टी को उनके पक्ष में बोलने में हिचकना नहीं चाहिये। उन्होंने यह बात उत्तर प्रदेश की हाल ही की घटनाओं के संदर्भ में कही, जहाँ अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। पार्टी का एक वर्ग राहुल के सम्भल दौरे के पक्ष में नहीं था क्योंकि उनके दौरे से इस सोच को और बल मिलेगा कि कांग्रेस मुस्लिम समर्थक पार्टी है।

खड़गे पार्टी की अन्दरूनी लड़ाई के बारे में बोले, जो पार्टी को हरा रही है। उन्होंने कहा पार्टी को फिर से पटरी पर लाने की तथा रिक्त पदो पर नेताओं को नियुक्त करने की जरूरत है।

दिलचस्प बात यह है कि नेतृत्व समस्याएं तो चिन्हित करना चाहता है लेकिन वरिष्ठ नेताओं के रूप में मौजूद कई बाधाओं के कारण, ऐसा कर नहीं पाता। कुछ समितियाँ बनाई जा रही हैं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दुष्कर्म के प्रयास की सजा पर अपील खारिज

जयपुर, 29 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने फरवरी, 1985 में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने से जुड़े मामले में वर्ष 1992 में दायर अपील को खारिज कर, याचिकाकर्ता अभियुक्त को शेष सजा भुगतने के लिए सरेंडर करने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढ ंड की एकलपीठ ने यह आदेश शिव प्रकाश की याचिका पर दिए। घटना के समय अभियुक्त 20 साल का था। वहीं, अब 59 साल की उम्र में फैसला आया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रयास करने के लिए सबसे पहले संबंधित अपराध करने का इरादा होना

- वर्ष 1985 के अपराध पर हाईकोर्ट का निर्णय अब आया। बीस साल की उम्र में किए अपराध की सजा 59 साल की उम्र में भुगतनी होगी।

चाहिए। उसके बाद ऐसा कार्य किया जाए, जो अनिवार्य रूप से अपराध करने के लिए किया गया हो। वहीं, ऐसा कार्य अपराध के परिणाम के निकट होना चाहिए। मामले में अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के लिए वह सबकुछ किया, जो जरुरी था। ऐसे में यह दुष्कर्म के प्रयास का स्पष्ट मामला है।

याचिका में अधिवक्ता प्रणव पारीक ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 7 फरवरी, 1985 को दुष्कर्म का प्रयास का मामला बारां थाने में दर्ज कराया था,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पहली बार के सांसद मुरलीधर मोहोल को मुख्यमंत्री बनाने का अमित शाह का प्लान कुछ गफलत में पड़ा?

### प्लान के अनुसार शुक्रवार को अमित शाह, विभागों का वितरण फाइनल करने वाले थे, पर अचानक शुक्रवार की सुबह मु.मंत्री शिंदे मुम्बई चले गये और विभाग वितरण की प्रक्रिया स्थिगित हो गई

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गृह राज्यमंत्री मुरलीधर किसान मोहोल, जो पुणे से पहली बार भाजपा सांसद चुने गए हैं, को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में चुना है। वहीं, देवेन्द्र फड़नवीस जिनकी नज़र मुख्यमंत्री की कुर्सी पर है, को जे. पी. नड्डा की जगह भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

शाह ने मुरलीधर को इसलिए चुना है, क्योंकि वो भी एकनाथ शिंदे की तरह मराठा हैं। वहीं, फड़नवीस ब्राह्मण हैं। इसलिए यह सोचा गया है कि उन्हें राष्ट्रीय जिम्मेदारी दे दी जाए, ताकि महाराष्ट्र में भाजपा के खिलाफ विद्रोह न हो।

- प्लान में यह भी वर्णित था, कि फड़नवीस दिल्ली शिफ्ट हो जायेंगे, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा की जगह पार्टी अध्यक्ष बनने के लिए। प्रस्तावित मु.मंत्री मुरलीधर मोहोल, मराठा हैं, अतः शिंदे की जगह एक मराठा को ही मुख्यमंत्री बनाना उचित समझा जा रहा था, इसीलिए फड़नवीस को पार्टी अध्यक्ष बनाकर दिल्ली भेजने की व्यूह रचना की गई थी।
- शिंदे के समर्थक शिंदे को दिल्ली भेजे जाने की राय के पक्ष में नहीं हैं, और वे यह भी नहीं चाहते कि शिंदे उपमुख्यमंत्री बनें, क्योंकि यह उनकी पदावनति होगी।
- मु.मंत्री शिंदे की एक चिन्ता यह भी है, कि अगर वे राजनीतिक दृष्टि से कमज़ोर होते नज़र आये, तो उनके बैनर पर जीते कई विधायक उद्धव की शिवसेना में जाने का मन न बना लें।

हालांकि सरकार निर्माण में एक अड़चन आ गई है कि शिंदे अचानक शुक्रवार सुबह मुम्बई लौट गए और वहां से वे सतारा जिले के अपने गांव चले गए, जिससे वार्ता रुक गई है और मंत्रालय वितरण पर चर्चा नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि चर्चा गृहमंत्री अमित शाह के सामने हो रही है।

शुक्रवार को होने वाली मीटिंग में सत्ता की भागीदारी पर अंतिम निर्णय होना था। वार्ता अब आगे खिसका दी गई है। शिंदे ने दिल्ली में हुई वार्ता को सकारात्मक बताया था पर वार्ता छोड़कर उनका चले जाने से वार्ता अटक गई। सूत्रों ने कहा कि शिंदे को शनिवार को मुम्बई लौटना था। सरकार बनाने पर अनिश्चितता कायम है।

हालिया विधानसभा चुनाव में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## क्या एकनाथ शिंदे दिल्ली में कैबिनेट मंत्री बनेंगे?

### ऐसा लगता है, शिंदे ने यह स्वीकार कर लिया है, कि भाजपा को मुख्यमंत्री पद मिलना चाहिए क्योंकि, उसके ज्यादा विधायक जीत कर आये हैं

-श्रीनंद झा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। क्या एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बजाय केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल होना ज्यादा पंसद करेंगे?

शिंदे ने, हालांकि, स्वीकार कर लिया है कि मुख्यमंत्री के रूप में राज्य का नेतृत्व भाजपा करेगी, वहीं, विभागों के बंटवारे तथा सत्ता में भागीदारी के मुद्दों को लेकर जिस तरह से विचार किया जा रहा है उससे वो खुश नहीं हैं। केयरटेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आज मुंबई में होने वाली महायुति गठबंधन पार्टनरों की मीटिंग को रद्द करके अचानक सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए।

उल्लेखनीय है कि शिंदे ने शुक्रवार को, सतारा जाने के रास्ते में, मुम्ब्रा से विधायक तथा एन.सी.पी. के शरद पवार धटक के महत्वपूर्ण नेता, जितेन्द्र आव्हाड के साथ मीटिंग की, जिससे राज्य का सियासी पारा बढ़ गया है।

- पर, उनकी नाखुशी इस बात के लिए बताई जाती है, जिस प्रकार से भाजपा विभागों का वितरण करना चाहती है।
- भाजपा 22 विभाग रखना चाहती है, तथा 11 मंत्री पद शिंदे को तथा नौ अजित पवार को देना चाहती है।
- अजित पवार को वित्त तथा शिंदे ग्रुप को नगरीय विकास व पब्लिक वैलफेयर।
- यह भी एक चर्चा है कि, वे अकेले उपमुख्यमंत्री पद तो स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन अजित पवार के साथ दूसरा उपमुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते।

शिंदे कैंप दो मुद्दों को लेकर असंतुष्ट है। पहला, कि शिंदे और अजित पवार दोनों उपमुख्यमंत्री नहीं बन सकते। दूसरा, विभागों के बंटवारे को लेकर, भाजपा का रूख स्वीकार्य नहीं है।

खबरों के अनुसार भाजपा गृह विभाग मिलाकर 22 विभाग अपने पास रखना चाहती है तथा शिंदे सेना व अजित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लम्बित अपराधिक प्रकरण वाला जनहित याचिका दायर नहीं कर सकता

जयपुर, 29 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर में करीब दस हजार वर्गमीटर जमीन का स्कूल को हुए आवंटन में से कुछ जमीन बेचने के मामले में दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया है। चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस पंकज भंडारी की खंडपीठ ने

- हाईकोर्ट ने अलवर के स्कूल के खिलाफ जनहित याचिका खारिज की। याचिकाकर्ता पर 1 लाख रुपये का हर्जाना लगाया।

यह आदेश अंबेडकर नगर विकास समिति व अन्य की ओर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक प्रकरण लंबित हैं और उसकी जानकारी अदालत में नहीं दी गई। इसके अलावा, ऐसे व्यक्ति जनहित याचिका दायर नहीं कर सकते।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को सम्भल में मस्जिद के सर्वे का आदेश देने से रोका

### मुस्लिम पक्ष से कहा, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही रुकवाने के लिए पहले हाईकोर्ट जाएं

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने आज सम्भल के ट्रायल कोर्ट से कहा कि वह मुगल काल की मस्जिद के सर्वे से सम्बन्धित कोई आदेश पारित न करे। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि वह हिंसा-ग्रस्त क्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था कायम करे।

इसके अतिरिक्त, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायमूर्ति संजय कुमार की बैंच ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को आदेश दिये कि वह मुस्लिम पक्ष की याचिका के दायर होने के तीन दिन के अन्दर उसकी सुनवाई करे।

बैंच ने कहा, "हमें आशा एवं विश्वास है कि ट्रायल कोर्ट इस मामले में आगे तब तक कोई कार्यवाही नहीं करेगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी सुनवाई करके, कोई आदेश पारित नहीं कर देता।

- चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और संजय कुमार की बैंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को आदेश दिया कि मुस्लिम पक्ष की याचिका दर्ज होने के तीन सप्ताह में ही मामला उठा लें।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति व सद्भाव कायम करने को कहा।
- सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से यह भी कहा कि हाईकोर्ट का आदेश आने तक कोर्ट में पेश किसी भी रिपोर्ट को न खोला जाए।
- सुप्रीम कोर्ट ने सम्भल की शाही जामा मस्जिद की प्रबंधक कमेटी की याचिका पर यह फैसला दिया।
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश की व्यापक सराहना हुई है तथा कहा जा रहा है कि इससे साम्प्रदायिक हिंसा खत्म करने में मदद मिलेगी।

बैंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिये कि वह सम्भल में शान्ति और सद्भाव कायम करे तथा एक शान्ति समिति गठित करे, जिसमें दोनों समुदायों के सदस्य हों।

शीर्ष अदालत ने सम्भल ट्रायल कोर्ट को आगे कहा कि वह, उसके समक्ष पेश की गई किसी भी रिपोर्ट को खोले नहीं, जब तक कि उच्च न्यायालय मुस्लिम पक्ष की याचिका की सुनवाई करके, कोई आदेश पारित न कर दे।

बैंच ने मुस्लिम पक्ष को सलाह दी कि वह जिला अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय जाये। बैंच ने इस केस को विचाराधीन रखा तथा 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह के लिये इसे सूचीबद्ध करने के आदेश दिये।

सम्भल की शाही जामा मस्जिद की प्रबन्ध समिति गुरूवार को सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गई थी तथा उसने जिला अदालत के 19 नवम्बर के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इस मुगलकालीन मस्जिद के सर्वे के निर्देश दिये गये थे। इसके अलावा, कमेटी ने सिविल जज द्वारा पारित 19 नवम्बर के आदेश के क्रियान्वयन पर "एक्स पार्टे स्टे" (एक पक्ष की ओर से) की माँग की थी।

उत्तर प्रदेश के सम्भल कस्बे में तनाव 19 नवम्बर से हुआ, जब कोर्ट ने शाही जामा मस्जिद के सर्वे के आदेश दे दिये, क्योंकि ऐसा दावा किया गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली में कांग्रेस अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली, 29 नवंबर। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आधिकारिक तौर पर

- दिल्ली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी या किसी भी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी।

ऐलान किया कि दिल्ली में कांग्रेस सभी 70 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आम आदमी पार्टी या किसी अन्य दल के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पार्टी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते हमलों पर भारत सरकार ने पहली बार नाराज़गी जताई

### विदेश मंत्री ने कहा कि हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

- अंजन रॉय -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में पूरी तरह से असफल रही है और इससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ रहे हैं। भारत ने हिंदुओं पर हो रहे हमले तथा उनके जान माल को नुकसान पहुंचाने पर गंभीर चिंता जताई है।

हालिया दिनों में पहली बार, भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि जब से शेख हसीना की सरकार गिरी है, अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं, पर हमले बढ़ गए हैं। अंतरिम सरकार सब देख रही है, पर अल्पसंख्यकों को राहत देने के लिए उसने कुछ नहीं किया।

हिंदुओं पर हमले बढ़ने के बाद भी भारत सरकार ने वहां के हालात पर कोई भी बयान जारी करने से परहेज किया था। ऐसा लगता है कि सरकार की कूटनीति में बदलाव हुआ है और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी बांग्लादेश के हालात पर टिप्पणी की।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते हमलों पर कड़ी टिप्पणी की तथा तुलसी गबार्ड ने भी हिंदुओं पर हमले रोकने की बात कही।

शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को नागरिकों की सुरक्षा

- शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद से हिंदुओं के खिलाफ भारी हिंसा हो रही है पर भारत सरकार ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की थी। लेकिन, अब भारत ने अपनी कूटनीति में स्पष्ट बदलाव के संकेत दिए हैं।
- अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले पर टिप्पणी की और तुलसी गैबार्ड ने भी हिंदुओं के प्रति हिंसा रोकने की अपील की।
- भारत के विदेशमंत्री जयशंकर ने जोशोरेश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चढ़ाया गया मुकुट खोने पर भी नाराजगी जताई।
- आश्चर्य की बात यह है कि हर छोटी सी बात पर बयानबाजी करने वाली प. बंगाल की मुख्यमंत्री बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा पर चुप हैं।

सुनिश्चित करने के कर्तव्य की याद दिलाई। जयशंकर ने अपने बयान में कहा कि हिंदू व अन्य अल्पसंख्यकों, जैसे ईसाई और बौद्धों, के खिलाफ भारी हिंसा हो रही है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक कर हिंदुओं खिलाफ सख्त रूख अपनाया। उन्होंने हिंदुओं व अल्पसंख्यकों के 17 प्रमुख प्रवक्ताओं के बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए हैं।

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोगोरेश्वरी मंदिर में एक मुकुट चढ़ाया था, जो चोरी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह जो उपहार दिया था, एक कलाकृति था। यही नहीं, सम्राट अकबर के महान सेनापति मानसिंह भी यहां आए थे।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पर हमले हुए। अल्पसंख्यकों का सरकार पर भरोसा नहीं रहा है।

अंतरिम सरकार ने अल्पसंख्यकों के एक प्रमुख नेता चिन्मय कृष्णदास को गिरफ्तार किया है, जो बांग्लादेश में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिरसा मुण्डा के पड़पोते का निधन

रांची, 29 नवंबर। बिरसा मुंडा के पड़पोते मंगल मुंडा की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद आज रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (रिम्स) में मौत हो गई। बता दें कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया था। इस दौरान उनका अस्पताल में इलाज जारी था। इस बीच गुरुवार की देर रात मंगल मुंडा ने रिम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली।

- बिरसा मुंडा के पड़पोते मंगल मुंडा 25 नवम्बर को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

उनके भाई कानू मुंडा ने फेसबुक पर मंगल मुंडा के निधन का जानकारी साझा की। कानू मुंडा ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट किया और अपने बड़े भाई के निधन की सूचना साझा की। कानू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**गलती करना मनुष्य का स्वभाव है। की हुई गलती को मान लेना और इस प्रकार आचरण करना कि फिर गलती न हो, मर्दानगी है। –महात्मा गाँधी**

# सड़क सुरक्षा को अपनाकर अपने जीवन को सुखद बनाएं

सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, आम जनता में खासतौर से नये आयु वर्ग के लोगों में अधिक जागरुकता लाने के लिये इसे शिक्षा, सामाजिक जागरुकता आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ा गया है। सड़क दुर्घटना, चोट और मृत्यु आज के दिनों में बहुत आम हो चला है। सड़क पर ऐसी दुर्घटनाओं की मुख्य वजह लोगों द्वारा सड़क यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी है। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, सड़क सुरक्षा नियमों और उपायों में कमी, तेज गति, नशे में गाड़ी चलाने आदि । सड़क हादसों की संख्या को घटाने के लिये उनकी सुरक्षा के लिये सभी सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिये सरकार ने विभिन्न प्रकार के सड़क यातायात और सड़क सुरक्षा नियम बनाये हैं। हमें उन सभी नियमों और नियंत्रकों का पालन करना चाहिये जैसे रक्षात्मक चालन की क्रिया, सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल, गति सीमा को ठीक बनायें रखना, सड़क पर बने निशानों को समझना आदि।

सड़क परिवहन और रोजगार मंत्रालय के मुताबिक आज की दुनिया में सड़क और परिवहन जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सड़क उपयोगकर्ता है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। भारत में ही हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का तेरह प्रतिशत है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है।

यातायात पीड़ित वो लोग होते हैं जो कि हर साल सड़क हादसे में मारे जाते हैं और इनमे 5 साल से लेकर 30 वर्ष की आयु सीमा के लोग सबसे ज्यादा यातायात पीड़ित का शिकार बनते हैं। कई बार लोग अपनी गलती से जान गवाते है और कई बार लोग दूसरे की गलती से जान गवाते है। सड़क यातायात पीड़ितों के लिए विश्व स्मरण दिवस पर हर साल आकड़े देखे जाते हैं कि पहले के मुकाबले इस साल कितने लोग सड़क हादसे के शिकार बने है। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पीड़ितों को सहानुभूति प्रदान की जाती है साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके जिसके परिणामस्वरूप जीवन बचाने की कार्यवाई को बढ़ावा दिया जा सके।

सड़क पर वाहन चलाते समय हमारी गलतियों के कारण जहां हम खुद जोखिम मोल लेते है वहां निर्दोष लोगों को भी अपना शिकार बनाते है। सड़क पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चोट या मृत्यु का खतरा होता है। विशेषकर पैदल यात्री, मोटर यात्री, साइकिल चालक, यात्री आदि। बच्चे से बुजुर्ग तक हर किसी को सड़क यातायात नियमों के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए, तभी हम सड़क दुर्घटनाओं से खुद को सुरक्षित रख पाएंगे। सड़क सुरक्षा, सुरक्षित ड्राइविंग के निर्देश और विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है। यह दिवस सड़क दुर्घटनाओं के मामले में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं और पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध न्यायिक कानूनों के बारे में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है तथा सड़क दुर्घटना के समय अच्छे मददगार व्यक्ति को पीड़ित की मदद करने पर सम्मानित भी किया जाता हैं।

**सड़क हादसों की संख्या को घटाने के लिये उनकी सुरक्षा के लिये सभी सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिये सरकार ने विभिन्न प्रकार के सड़क यातायात और सड़क सुरक्षा नियम बनाये हैं। हमें उन सभी नियमों और नियंत्रकों का पालन करना चाहिये जैसे रक्षात्मक चालन की क्रिया, सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल, गति सीमा को ठीक बनायें रखना, सड़क पर बने निशानों को समझना आदि।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले साल वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रस्तुत एक रिपोर्ट अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष 1.35 मिलियन से अधिक मौतें होती हैं और 50 मिलियन से अधिक लोगों को गंभीर शारीरिक चोटें आती हैं। सड़क हादसे भारत जैसे विकासशील देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। भारत सरकार ने सड़क हादसों में 50 प्रतिशत मौतों में कमी का लक्ष्य निर्धारित किया था मगर इसके उलट मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही रहा है। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों की संख्या में लोग अपनी जान गवां देते हैं। साल 2023 में सड़क हादसों में 1.73 लाख से ज्यादा मौतें हुई यानि हर दिन औसतन 474 मौतें हुई और हर तीन मिनट में एक जान गई। पिछले साल सड़क हादसों में करीब 4.63 लाख लोग घायल हुए थे। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के केवल एक फीसदी वाहन हैं इसके बावजूद पूरे विश्व में होने वाले हादसों का 11 फीसदी देश में ही घटित होते हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 18-45 आयु वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौतें और गंभीर चोटें मुख्य रूप से संवेदनशील वगरे जैसे पैदल यात्री, साइकिल चालक और दोपहिया वाहन सवार आदि में देखी जाती हैं। भारत में 5-29 वर्ष आयु-वर्ग के बच्चों और युवा वयस्कों में सड़क दुर्घटना मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है।

एक अधिकृत जानकारी के मुताबिक देश भर में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। कुल सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। सड़क सुरक्षा को लेकर हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के प्रति हमें जागरूक रहना चाहिए। मीडिया सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर समाज का मानस और व्यवहार बदलने के प्रयास करना होगा। सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर हमारी गलती से होती हैं। अगर हम नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं। वाहन चलाने को लेकर लापरवाह और अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। सीट बेल्ट और हेलमेट आपको गंभीर चोट से बचाते हैं।

सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, आम जनता में खासतौर से नये आयु वर्ग के लोगों में अधिक जागरुकता लाने के लिये इसे शिक्षा, सामाजिक जागरुकता आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक है। सड़क दुर्घटना, चोट और मृत्यु आज के दिनों में बहुत आम हो चला है। सड़क पर ऐसी दुर्घटनाओं की मुख्य वजह लोगों द्वारा सड़क यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी है। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, सड़क सुरक्षा नियमों और उपायों में कमी, तेज गति, नशे में गाड़ी चलाने आदि । जान लेवा सड़क हादसों को रोकने के लिए जरूरी है कि सड़कों की स्थिति अच्छी हो, जन कल्याणकारी सरकार का यह दायित्व है कि वह उच्च गुणवत्ता युक्त सड़कों का निर्माण करें और क्षत-विक्षत सड़कों को दुरस्त करें ताकि वाहन किसी दुर्घटना का शिकार नहीं होवे।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# राष्ट्रप्रेम, हिंदी भाषा, सनातनी विचार के सच्चे उत्तराधिकारी थे जस्टिस गिरधर मालवीय

बीएचयू के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के पौत्र एवं बीएचयू के कुलाधिपति जस्टिस गिरधर मालवीय का हमारे बीच से जाना देश और राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने प्रयागराज में 18 नवंबर, 2024 को अंतिम सांस ली थी। उनके पिता पंडित गोविंद मालवीय स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, राष्ट्रभक्त और वरिष्ठ राजनेता थे। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सद्भाव उन्हें अपने पिता पंडित मदन मोहन मालवीय से विरासत में मिली थी। अपने दादा और पिता की उसी विरासत को जस्टिस गिरधर मालवीय आजीवन संभाले रखे। जस्टिस मालवीय के मनोज मालवीय इकलौते पुत्र हैं, जो भारतीय पुलिस सेवा के पश्चिम बंगाल कैडर के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं तथा उनकी दीपाली प्रियदर्शी और रुचि भार्गव दो पुत्रीयां हैं।

जस्टिस मालवीय की शिक्षा बेसेंट थियोसोफिकल सोसायटी, वाराणसी में तथा 1957 में बी एच यू से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की थी। वह 1988 से 1998 तक इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश रहे। वर्ष 218 से वे बीएचयू के चांसलर थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जैसे गौरवमयी पद पर रहने के बावजूद भी वह प्रयागराज की छोटी बड़ी तमाम संस्थाओं से जुड़े रहे और उनके प्रत्येक भाषण में मां गंगा की सेवा, राष्ट्रभक्ति, समाज उत्थान, शिक्षा का प्रचार-प्रसार प्रमुखता से सुनने को मिलता था। जस्टिस गिरधर मालवीय का ज्यादा लगाव अपने दादा पंडित मदन मोहन मालवीय से था। उनका जन्म बीएचयू परिसर में ही अपने दादा पंडित मदन मोहन मालवीय के घर 14 नवंबर, 1936 को हुआ था। वह भाव विभोर होकर कहा करते थे, बी एच यू मेरा घर है। पंडित गिरधर मालवीय सत्य, अहिंसा, व्यायाम, कर्तव्य निष्ठा एवं सनातनी स्वभाव के थे, लेकिन अन्य धर्मों का भी समान रूप से आदर किया करते थे।

बी एच यू के एक प्रोफेसर के भर्ती के प्रसंग में जस्टिस मालवीय ने बड़ा रोचक और सराहनीय निर्णय सुनाया था। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के संस्कृत विद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर डॉक्टर फिरोज खान की नियुक्ति वर्ष-2019 में हुई थी, लेकिन उनकी नियुक्ति को लेकर फैकल्टी के छात्र और कुछ शिक्षक आंदोलन कर रहे थे। उनका कहना था कि एक मुसलमान शिक्षक हम हिंदुओं को वेद-वेदांग और साहित्य कैसे पढ़ाएगा। इस समस्या का कोई उचित समाधान न देखकर तत्कालीन कुलपति ने जस्टिस मालवीय से इस मामले में सुझाव मांगा था। इस पर जस्टिस मालवीय ने कहा था कि बच्चों को जहां से भी मिले शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, उन्हें हिंदू-मुस्लिम ऐसा करके विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया था कि भगवान राम शिक्षा प्राप्त करने के लिए लक्ष्मण को रावण के पास भेजा था। यदि डॉक्टर फिरोज खान की नियुक्ति सेलेक्शन कमेटी ने की है और उनको संस्कृत का विद्वान माना है तो, उनकी ज्वाइनिंग विभाग में होनी चाहिए।

परंतु दुर्भाग्य रहा कि छात्रों के



जस्टिस गिरधर मालवीय

विरोध के आगे विश्वविद्यालय प्रशासन को झुकना पड़ा था और डॉक्टर फिरोज खान उस विभाग में ज्वाइन नही कर सके। उन्हें पुनः विज्ञप्ति निकाल कर बीएचयू के संस्कृत विभाग में ज्वाइन कराया गया। जस्टिस मालवीय गंगा सेवा के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा करते थे। उन्होंने वर्ष-2016 में भागीरथ संकल्प श्रम संघ की स्थापना की थी। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी इस ध्येय वाक्य को हमेशा स्मरण करते हुए वह विश्वविद्यालय को स्वर्ग से भी महान मानते थे। उनका विश्वविद्यालय से बड़ा ही आत्मीय लगाव था। विश्वविद्यालय में उनका प्रायः आना-जाना होता रहता था। वर्ष 2019 में आयोजित बी एच यू के दीक्षांत समारोह की उन्होंने अध्यक्षता की थी और 16 दिसंबर, 2023 को अस्वस्थ रहते हुए भी वह व्हीलचेयर पर बैठकर दीक्षांत समारोह में भाग लिया था। दीक्षांत समारोह में बड़ी ही मुश्किल से वह अपने दोनों पैरों पर खड़े हो पाए और छात्रों को उनके जीवन का अनूठा मूल मंत्र समझाया था। वह बीएचयू में अंतिम बार वह 3 फरवरी, 2024 को लॉ कॉलेज के शताब्दी समारोह में बतौर पूर्व छात्र सम्मिलित हुए थे और उन्हें आनंद जी स्मृति शताब्दी सम्मान से सम्मानित किया गया था। उन्होंने आशा व्यक्त किया था कि बी एच यू का लॉ कॉलेज देश का सबसे बड़ा लॉ कॉलेज के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए।

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रयागराज निवासी सुनील शुक्ला जस्टिस गिरधर मालवीय के संस्मरण का जिक्र करते हुए बताते हैं कि उनकी चिंता समाज के आखिरी पायदान पर बैठे हुये व्यक्ति की रहती थी। वह प्रयागराज की तमाम छोटी-बड़ी स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े रहे और उनका मार्गदर्शन किया करते थे। गंगा को स्वच्छ रखना वह अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य मानते थे। वह अपने जीवन में अपने दादा पंडित मदन मोहन मालवीय को आदर्श मानते थे और बातों-बात में वह उनका उदाहरण देते और जिक्र किया करते थे।

वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी वाराणसी से पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़े थे, उसमें एक प्रस्तावक के रूप में जस्टिस मालवीय भी थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया और कहा कि गिरधर मालवीय के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। गंगा सफाई अभियान में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गिरधर मालवीय का निधन अत्यंत दुखद और शिक्षा जगत और देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से बीएचयू में शोक की लहर दौड़ पड़ी और कुलपति सुधीर जैन ने कहा कि महामना और बी एच यू के बीच जस्टिस मालवीय एक जीवित कड़ी थे। वह विश्वविद्यालय के अभिभावक के रूप में समय-समय पर हम सभी का मार्गदर्शन किया करते थे। कुलपति ने उनके निधन को विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि निजी अपूरणीय क्षति बताया।

जस्टिस गिरधर मालवीय अपने हृदय की महानता के कारण शिक्षा एवं न्याय जगत में हमेशा याद किए जाएंगे। उन्हें सत्य, दया, न्याय पर आधारित सनातन धर्म सर्वदा प्रिय था। करुणामयी हृदय, भूतानुकंपा, मनुष्य मात्र से द्वेष, शरीर, मन, वाणी में संयम, धर्म और देश के लिए सर्वस्व त्याग, उत्साह और धैर्य, नैराश्यपूर्ण परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास पूर्वक दूसरों को असंभव प्रतीत होने वाले कर्मों का प्रतिपादन, वेश-भूषा और आचार-विचार उन्हें अपने दादा पंडित मदन मोहन मालवीय से विरासत में मिली थी।

जस्टिस गिरधर मालवीय महामना की सांस्कृतिक विरासत, चाहे वह राष्ट्र प्रेम रहा हो, हिंदी भाषा, सनातनी विचार एवं शिक्षा के प्रति अटूट प्रेम एवं मूल्यों के सच्चे उत्तराधिकारी थे। उन्होंने अपने अंतिम दौर के समय एक साक्षात्कार में कहा था कि मुझे कोई बीमारी नहीं है, यह वृद्धावस्था है। इसका अंतिम इलाज मृत्यु है। उनके शुभचिंतक बताते हैं कि उनको अपने अंतिम समय में शरीर त्यागने का धीरे-धीरे आभास हो चला था, परंतु वे अपने राष्ट्र धर्म और उसकी प्रतिबद्धता से कभी विचलित नहीं हुए।

**–डॉ. नरसिंह राम,**
**वाराणसी।**

# रणथम्भौर में तीन प्रदेशों के वन अधिकारियों की बैठक में चीता कॉरिडोर बनाने पर चर्चा

## बैठक में तीन प्रदेश में 22 जिलों के करीब दो हजार किलोमीटर एरिया में देश का सबसे बड़ा चीता कॉरिडोर बनाने को लेकर चर्चा की

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** रणथम्भौर के एक होटल में शुक्रवार को तीन प्रदेशों के वन अधिकारियों की बैठक में तीन प्रदेश में 22 जिलों के करीब दो हजार किलोमीटर एरिया में देश का सबसे बड़ा चीता कॉरिडोर बनाने को लेकर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया।

बैठक में राजस्थान के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, मध्य प्रदेश के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक मुकुंदरा चीता प्रोजेक्ट, शिवपुरी के संचालक वन मंडल अधिकारी, कूनो राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कूनो पार्क से राजस्थान की सीमा पर सटे इलाकों को जोड़कर कॉरिडोर बनाने की तैयारी शुरू की गई। बैठक में 22 जिलों के वन अधिकारियों व चीफ वाइल्ड वार्डन जुटे थे जिन्होंने चीतों को खुले जंगल में छोड़ने, जिले की सीमा से बाहर जाने पर उनकी देखरेख करने एवं व्यवस्थित भोजन सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर प्लान तैयार करने का निर्णय लिया। इस मामले को लेकर राजस्थान सरकार ने चीता लैंडस्केप को लेकर घोषणा की थी। इस मुद्दे को लेकर राजस्थान व मध्यप्रदेश के वन अधिकारी बैठक कर चुके हैं, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हो पाया था। देश में सात दशक बाद लौटे चीतों को बचाने के लिए जलवायु से अनुकूलता पाने के बाद खुले जंगल में छोड़ने जिससे वह बाघ पैंथर व अन्य वन्य जीवों की तरह रह सके इस प्रकार की योजना तैयार की जा रही है।

■ **चीतों को खुले जंगल में छोड़ने, जिले की सीमा से बाहर जाने पर उनकी देखरेख करने एवं व्यवस्थित भोजन सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर प्लान तैयार करने का निर्णय लिया**

रणथम्भौर के डीएफओ रामानंद भाकर ने बताया कि चीतों के संरक्षण को लेकर शुक्रवार को रणथम्भौर के होटल में चर्चा के बाद योजना तैयार की जा रही है। राजस्थान में सन् 1930 तक हाड़ौती के जंगलों में चीते मिला करते थे। चिता कॉरिडोर प्रोजेक्ट में राजस्थान के धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बारा, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा यह 10 जिले एवं मध्यप्रदेश के झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, अगरमालवा, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, शोपुर व मुरैना की सीमा लगती है। उत्तर प्रदेश के झांसी व ललितपुर इस कॉरिडोर प्रोजेक्ट में शामिल है। वन्य जीव चीता का वजन करीब 35 से 65 किलो तक होता है एवं 10 से 12 वर्ष उनकी उम्र होती है। यह अक्सर दिन में ही अपना शिकार करते हैं। चीता वन प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला माना जाता है। यह 1 घंटे में 100 किलोमीटर तक दौड़ लगा सकता है।

# आईआईटी-एनआईटी के समकक्ष कई अन्य इंजीनियरिंग संस्थानों के आवेदन शुरू

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब बहुत से प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों की आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जेईई-मेन के पहले सेशन के लिए अब अधिक 13 लाख 95 हज़ार रजिस्ट्रेशन हुए थे।

एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार आईआईटी-एनआईटी के साथ साथ कई ऐसे बड़े एवं प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान भी हैं, जिनसे बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स डिग्री हासिल कर अपना भविष्य बनाते हैं। ऐसे स्टूडेंट्स जिनका जेईई-मेन में एनटीए स्कोर अच्छा नहीं आता है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ये विद्यार्थी समकक्ष अच्छे इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्टूडेंट्स एनआईटी के अलावा कुछ प्रमुख संस्थान जैसे बिट्स पिलानी, वीआईटी वैल्लूर, मणिपाल मैंगलुर, आईपीयू दिल्ली, अमृता चौन्नई, एसआरएम चौन्नई, जामिया दिल्ली, क्युसेट केरला, एएमयू अलीगढ़ , कॉमेडके कर्नाटक, यूपीईएस देहरादून, सीएमआई चैन्नई, एनमेट मुम्बई, आईएसआई कोलकाता, ट्रिपल आईटी हैदराबाद, एलपीयू आदि से भी इंजीनियरिंग डिग्री हासिल कर सकते हैं।

■ **उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जेईई-मेन के पहले सेशन के लिए अब अधिक 13 लाख 95 हज़ार रजिस्ट्रेशन हुए थे**

आहूजा के अनुसार इसके अलावा स्टूडेंट्स अपने-अपने स्टेट के इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए भी अलग से आवेदन कर सकते हैं। कई कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो कुछ में जल्द शुरू होने वाली है। इनमे से ज्यादातर इंजीनियरिंग सस्थानो ने अपनी प्रवेश परीक्षाये अप्रैल एवं मई माह में रखी है।

स्टूडेंट्स अभी आईआईटी-एनआईटी के अतिरिक्त इन अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की जल्दी ना करें क्योंकि सभी संशानो में आवेदन की अंतिम तिथि बहुत आगे तक है और अभी उनके पास आवेदन के लिए पर्याप्त समय है। साथ ही वो पहले जेईई-मेन की परीक्षा दें और वे जेईई-मेन देकर अपने परिणाम के अनुसार ही आंकलन कर दूसरे कॉलेजेस के लिए भली-भांति सोच कर आवेदन करें।

# नवजात बालिका का शव मिला

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना क्षेत्र के रामपुर धावाई गांव में पुलिया के पास जंगल में नवजात बालिका का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सदर थाना पुलिस ने शव का करौली सामान्य चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम कराया। डॉक्टरों ने बालिका के स्टिल बॉर्न होने की संभावना जताई है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली सदर थाना एएसआई रामवीर सिंह ने बताया कि करौली-गंगापुर सड़क मार्ग स्थित रामपुर धावाई गांव की पुलिया के पास जंगल में एक नवजात का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। बाद में नवजात के शव को करौली चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया, जहां बालिका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम में शव चार से पांच दिन पुराना बताया है। मेडिकल बोर्ड के सदस्य डॉ. विजय सिंह ने बताया कि मृत बालिका 28 से 30 सप्ताह की है। डॉक्टरर्स ने जांच में बालिका के मृत ही पैदा होने की संभावना जताई है। सदर थाना पुलिस ने नवजात के शव का पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया है।

# 12 फीट लंबा अजगर आने से हड़कंप मचा

**कोटा, (निसं)।** नांता इलाके में स्थित कुंद-कुंद कॉलोनी में उस समय हडकंप मच गया जब एक 12 फीट लम्बा अजगर कॉलोनी में आ गया। स्नैक केचर गोविंद शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में करीब 12 फीट लंबा और 50 किलो वजन के अजगर को देखकर लोग दहशत में आ गए। लोगों ने अजगर को भगाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। इस दौरान कई बार अजगर वाहन की चपेट में आते-आते बच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद अजगर का रेस्क्यू किया और लाड़पुरा के जंगल में छोडा गया। अजगर के रेस्क्यू के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 30 नवम्बर, 2024**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र दिन 12:35 तक, अतिगंड योग सायं 4:44 तक, शकुनि करण दिन 10:30 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज पितृकार्य अमावस्या है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:20 से 9:14 तक, चर 12:15 से 1:34 तक, लाभ-अमृत 1:34 से 4:10 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 5:29



**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**कन्या**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**धनु**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।



**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**रतनगढ़( निसं )।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड रतनगढ़ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सुजानगढ़ कस्बे में दीपावली के दिन हुई घटना की निष्पक्ष जांच अधिकारी लगवाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि दीपावली की शाम सुजानगढ़ कस्बे में तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने स्थित दुकानदार अशोक कुमार ढाका द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय की महिला द्वारा सामान न खरीदकर केवल भाव ताव पूछते रहने के कारण व्यस्तता के चलते और कहीं से सामान ले लेने की बात कही, जिससे महिला क्रुद्ध होकर अपने मौहल्ले से चालीस से पचास अन्य लोगों को बुलाकर ले आई और दुकान में घुसकर दुकानदार और उनकी पंद्रह वर्षीय पुत्री से बदसलूकी तथा धक्का मुक्की की। दुकानदार के पुलिस थाने में जाने पर पहले तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने पर मना कर दिया लेकिन बाद में रिपोर्ट दर्ज कर लेने के बावजूद आज तक अपराधियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बजाय जब बार-बार दुकानदार ने पुलिस को कार्यवाही करने का आग्रह किया तो विरोधी पक्ष ने एक एस.सी के व्यक्ति से दुकानदार पर ही एस.सी.एस.टी का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया गया ताकि उसके द्वारा किए मुकदमे को दबाया जा सके। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा ज्ञापन में वर्तमान जांच अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक दरजाराम के स्थान पर अन्य अधिकारी को जांच सौंपने की मांग की है

### प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रतनगढ़(निसं)**बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की ओर से स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिमसिया में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था प्रधान ज्ञानप्रकाश सारण ने बैंक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। बैंक के अधिकारियो ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करना था, प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बैंक के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर रविशंकर दाधीच, पंकज कुमार, शिवम् प्रजापति उपस्थित रहे।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने पीडब्ल्यूडी को सड़कों के पेचवर्क कार्यपूर्ण करवाने, कृषि विभाग को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता रखने के बारे में निर्देशित किया। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण के कार्य में तेजी लाकर प्रभावी मॉनिटरिंग करने, बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्यमंत्री बजट घोषणा में भू-आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के साथ ही भू-आवंटन की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया।

### विशेष योजना शुरू

**सीकर ।** प्रदीप कुमार आसनानी क्षेत्रीय अधिकारी सीकर ने बताया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा विभिन्न उद्योगों, इकाईयों, हॉस्पीटल, क्लीनिक, लेबोरेट्रिज, बिल्डींग कन्शट्रशन प्रोजेक्ट्स, ईंट भट्टे, माईन्स इत्यादि को लाल, नांरगी एवं हरित श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी इकाईयों को राज्य मण्डल से जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत स्थापना एवं संचालन सम्मति प्राप्त करना अनिवार्य है।

# '40 हजार करोड रूपए का होगा निवेश 1.20 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार'

**झुंझुनूं,** (निसं)। राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास के लिए जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा रीको इकाई कार्यालय द्वारा 29 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय समिट चावो वीरो ट्रस्ट बगड में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्ट समिट 2024 का आयोजन किया गया। समिट में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने वाले उद्यमियों के साथ एमओयू की कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने झुंझुनूं को औद्योगिक घरानों की जन्मस्थली बताते हुए निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निजी क्षेत्र के लिए संदेश है कि वे राज्य के विकास के लिए काम करें। राज्य सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि निवेशकों को राज्य में एक प्लेटफॉर्म मिले। उन्होंने जिले के विकास में सहयोग देने के लिए आगे आने वालें निवेशकों का आभार भी जताया। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की भी विस्तार से जानकारी देते हुए स्वरोजगार के महत्व को भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सबके साथ मिलकर गरीब, युवा, महिला, किसान सबके उत्थान के लिए कार्य करने की मंशा रखती है। नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने भी निवेशकों से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में जिले में कुल 122 इकाइ?यों के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। जिससे जिले में 40 हजार करोड रूपए का निवेश एवं एक लाख 20 हजार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार ने बताया कि कार्यक्रम में हस्तशिल्प, राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, सुलताना आयरन हैंडीक्राफ्ट, औद्योगिक इकाइयों के उत्पाद एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (वूडन हैंडीक्रॉफ्ट) की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यकम में नवलगढ विधायक विक्रमसिंह जाखल, महेंद्र कुमार झाझडिया अध्यक्ष जिला लघु उद्योग संघ पिलानी, धर्मपाल जानूं चिडावा उद्योग संघ, रामेश्वरसिंह कालियासर अध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र विकास संस्थान झुंझुनूं, रोहिताश्व बंसल, रवि सैनी नवलगढ तथा एचसी गुप्ता वाइस प्रेसिडेंट मंचस्थ रहे। इस दौरान मुरारी सैनी, सुरेंद्र आबूसरिया, जयंती बील समेत अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ने गीत से किया निवेशकों का स्वागत - झुंझुनूं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ने अपने संबोधन से पहले आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी राजस्थान की.. गीत सुनाकर निवेशकों का स्वागत किया। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार के स्तर पर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संकल्प को भी दोहराया।एक ही दिन में क्लीयर होगी फाईल - समिट को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि किसी भी कार्य की फाईल एक दिन से अधिक पेंडिग नहीं रखी जाएगी। यानी एक ही दिन में निस्तारित की जाएगी। इन क्षेत्रों में हुए एमओयू - जिले में पहली बार कॉमर्शियल पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा एमओयू किया गया है। जिससे जिले में ही पायलट तैयार होंगे। इसके अलावा सोलर एनर्जी के क्षेत्र में लगभग 25000 करोड रूपए का निवेश आएगा। जिससे ऊर्जा के क्षेत्र में झुंझुनूं जिला आत्मनिर्भर हो जाएगा। स्किल डवलपमेंट क्षेत्र की इकाइयों द्वारा हजारों युवाओं के रोजगार के लिये तैयार किया जाएगा। इसके अलावा एग्रो प्रोसेसिंग सेक्टरए फूड प्रोसेसिंग, बॉयोफ्यूल, ट्यूरिज्म एंड रूरल ट्यूरिज्म इकाईयों द्वारा एमओयू किए गए है। एक निजी यूनिवर्सिटी द्वारा आयूष महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी तथा वेटेनरी कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज एवं बीएससी नर्सिंग कालेजों की एमओयू भी हस्ताक्षरित हुए। नवलगढ क्षेत्र में एसीसी सीमेंट द्वारा एक वृहद् इकाइ स्थापना का एमओयू किया गया। जिससे 3500 करोड रूपए का निवेश एवं हजारों व्यक्तियों के रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## 'युवाओं के बेहतर भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा सी.आई.आई .का सेंटर'

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया कॉलेज में गौरीशंकर एवं निर्मला अठावाल फाउंडेशन की पहल पर देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री सीआईआई की ओर से स्थापित मॉडल कैरियर सेंटर का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्किल्ड युवाओं के दम पर देश को विकसित देश बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। इसी सपने को साकार करने की दिशा में चूरू का यह मॉडल कैरियर सेंटर यहां के युवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। सेंटर भावी पीढ़ी को सही राह दिखाने की दिशा में काम करेगा और युवाओं के भावी जीवन को तराशने के लिए युवाओं के मजबूत कदम उठेंगे। उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं और राइजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए इस सेंटर को स्थापित करने के लिए गौरीशंकर एवं निर्मला अठावाल फाउंडेशन के संरक्षक गौरीशंकर मंडावेवाला और सीआईआई के नेशनल हैड सौरभ मिश्रा का आभार जताया और युवाओं से कहा कि जमाने की रफ्तार के साथ आंख मिलाकर चलने के लिए अपने भीतर कौशल और आत्मविश्वास विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के लोगों ने अपनी उद्यमिता और कौशल से पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। हमारे युवाओं के भीतर भी वही लोहा है। ये अपनी योग्यता और स्किल से विकास और कामयाबी की नई इबारत लिखेंगे और यह सेंटर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमें उस क्षण का इंतजार रहेगाए जब यहां के स्किल्ड बच्चों को बेहतरीन जॉब अवसर मिलेंगे और उनका सम्मान समारोह आयोजित होगा। विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गौरीशंकर एवं निर्मला अठावाल फाउंडेशन की ओर से यह अभूतपूर्व पहल की गई है जो चूरू के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि सेंटर द्वारा हर साल एक हजार युवाओं को स्किल्ड बनाने और रोजगार देने का संकल्प बड़ी सराहनीय बात है। जिला क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने युवाओं को कामयाबी के लिए जरूरी टिप्स दिए और कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए आपको दिन.रात एक करना होता है तथा पूरी एकाग्रता से मेहनत करनी होती है। फाउंडेशन के संरक्षण गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि शेखावाटी के वाशिंदों ने अपनी काबिलियत और मेहनत से पूरी दुनिया में छाप छोड़ी है।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,( निसं )।** मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बडगुजर के नेतृत्व में झुंझुनूं जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने बताया कि उत्तरप्रदेश के सम्भल जिले में जो घटना हुई है। वो बहुत ही निंदनीय है और इस पूरे घटनाक्रम में सरकार मौन धारण करके बैठी है। भारत के संविधान 1991 एक्ट के अनुसार जो भी धार्मिक स्थल जहां मौजूद है वो यथास्थिति रहेंगे सरकार को सर्वे महंगाई और बेरोजगारी का कराना चाहिए। भारत अपनी गंगा जमुनी तहजीब की पूरी दुनिया में अपनी अमिट छवि रखता है। मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बडगुजर के कहा कि भारत जैसे धर्म निरपेक्ष देश में ऐसी घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के राष्ट्रपति को उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की जाए और मृतक के पीडित परिवार को सरकार उचित मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर उस्मान अली पठान, वरिष्ठ पार्षद मकबूल हुसैन, पार्षद जब्बार फुल्का, अब्दुल रहमान इस्लामपुर, महेंद्र चारावास,अतीफ कुरैशी आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता राकेश के साथ किसानों ने राठौड़ को मांगपत्र दिया

**चूरू,** (कासं.)। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के साथ किसानों ने राठौड़ को मांगपत्र दिया है। तारानगर विधानसभा क्षेत्र में नहर निर्माण के दौरान आवाप्त की गई भूमि के लिए किसानों को मुआवजा दिलवाने के लिए आज पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरु आवास पर बैठक हुई। यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में किसानों बंधुओं के साथ नहर निर्माण को लेकर धोखा किया गया था किसानों की जमीन आवश्यकता से अधिक आवंटित कर ली गई लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया। डबल इंजन की भाजपा सरकार में अब नहर निर्माण में आवाप्त की गई भूमि हेतु मुआवजे का प्रावधान किया गया है किसानों के खाते में महीने भर में अतिशीघ्र मुआवजा की राशि आ रही है। राठौड़ नहर निर्माण में हुई खामियों के बारे में भी किसान बंधुओं से रूबरू हुए तथा किसानों की बिजली-पानी से संबंधित समस्याएं भी सुनी। राठौड़ ने कहा कि तारानगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 2564 बीघा के हजारों किसानों को अब अतिशीघ्र मुआवजा मिलने वाला है तथा शेष रहे विद्युत कनेक्शन और ढाणियों में 3 हजार नए विद्युत कनेक्शन भी अतिशीघ्र होंगे। राठौड़ ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राठौड़ के नेतृत्व में किसानों के विकास होने की बात कही। भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश जांगिड़ ने कहा कि तारानगर विधानसभा में पूर्ववर्त्ती सरकार में किसानों के साथ छलावा किया गयाएनहर निर्माण के नाम पर आवश्यकता से अधिक किसानों से जमीन हड़प ली गई तथा किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। राठौड़ के नेतृत्व में किसानों को मुआवजा दिलाने हेतु सरकारी स्तर पर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैएविभाग के पास बजट आ गया है अब अतिशीघ्र किसानों को उनकी मुआवजा राशि मिलेगी। जांगिड़ ने बताया कि गाजुवास माईनर की करीब 553 बीघा के 160 काश्तकार, साहवा वितरिका की 339 बीघा के 120 किसान, सरदारशहर वितरिका की 428 बीघा के 105 किसान, बिल्यूं माईनर की 499 बीघा के 145 किसान, मेहरासर माईनर की 159 बीघा के 64 किसान, डूंगरपुरा माईनर की 265 बीघा के 92 काश्तकार, देवगढ़ माईनर की 78 बीघा के 45 काश्तकार, धीरवास सब माईनर की 55 बीघा के 29 काश्तकार, तारानगर माईनर की 189 बीघा के 114 किसानों को मुआवजा राशि का प्रावधान हो चुका है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने मुआवजा राशि हेतु किसान बंधुओं को बधाई दी तथा कहा कि तारानगर विधानसभा में किसानों की हरेक समस्या हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान नरेश सहारण, रणजीत सिंह तंवर, कुंदन बाबल, भगवानदास स्वामी, नोरंग धींधवाल, ताराचंद कस्वां समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### सांस अभियान का शुभारंभ

**झुंझुनूं,( निसं )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ० से 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया व उससे होने वाली जटिलताओं से जागरूक करने के लिए सांस अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में किया गया। यह अभियान 28 फरवरी 2०25 तक चलेगा। कार्यवाहक सीएमएचओं डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि सांस अभियान के अंतर्गत ० से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की निमोनिया के लिए स्क्रीनिंग, चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों को निमोनिया स्किल लैब प्रशिक्षण, चिकित्सा संस्थानों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शन, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, निमोनिया के लक्षणों की पहचान व प्रबंधन के लिए आमुखीकरण किया जाएगा। अभियान की इस वर्ष की थीम निमोनिया नहीं, तो बचपन सही रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के मुख्य घटक पीपीटी यानि प्रिवेंट, प्रोटेक्ट व ट्रीट रणनीति को अपनाते हुए पेंटावेलेंट व पीसीवी वैक्सीन के तीनों डोज लगाना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पतालों में निमोनिया से ग्रसित बच्चों के लिए बेड रिजर्व रखे जा रहे हैं।

### शिविर में 215 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं,( निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में? उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 215 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, मेशचंद्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहें।

**बेदखली नोटिस**

मै समीम उम्र 40 साल पत्नी श्री मोहम्मद सलीम जाति व्यापारी (मुसलमान) निवासी राजपुरा तहसील तारानगर जिला चूरू की हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि:-1. यह कि तारीफ मेरा पुत्र है, व अफरीन बानो पत्नी तारीफ मेरी पुत्रवधु है। शादी के बाद से ही मेरा पुत्र तारीफ व पुत्रवधु अफरीन बानो आवारा व बदमाश प्रवृति के लोगों की संगत में रहते है। मेरे व मेरे पति के द्वारा समझाने पर नहीं मान रहे है। आये दिन मेरे व मेरे पति से झगड़ते है। मेरे व मेरे पति के साथ मारपीट करते रहते है। मेरे व मेरे पति के नाम से लोगों से सामान व रूपये ले लेते हैं और उनको वापिस नहीं देते है। इस कारण मैंने व मेरे पति ने आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे पुत्र तारीफ व पुत्रवधु अफरीन बानो को मेरे परिवार की सम्पूर्ण चल व अंचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है।आज से मेरे पुत्र व पुत्रवधु का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। मैने मेरे पुत्र व पुत्रवधु को मेरे परिवार से अलग कर दिया है। आज से मेरा पुत्र तारीफ व पुत्रवधु अफरीन बानो मेरे परिवार के सदस्य नहीं रहे हैं।

आज के बाद मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधु द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नहीं होंगे।, लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधु के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। मै सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि सूचित रहे।दिनांक 29.11.2024

शपथग्रहिता-समीम

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिखाया कौशल

**डूंडलोद,( निसं )।** डूंडलोद विद्यापीठ में चल रहे खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के सालाना आयोजन शरदोत्सव 2024 में अंतर सदन सांस्कृति प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कौशल के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नृत्य, देशभक्ति सामूहिक गायन, हिंदी नाटक एवं हिंदी एवं अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। बेबी कंवर, सुनिता यादव, मेघना चौधरी वाले तीन सदस्यी निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता के सामूहिक नृत्य (जूनियर वर्ग) में गुरूनानक सदन प्रथम, बुद्धा सदन दूसरे एवं कबीर सदन तीसरे स्थान पर रहे। अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में मीरा सदन प्रथम, विवेकानंद सदन दूसरे एवं रामकृष्ण सदन तीसरे स्थान पर एवं हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन प्रथम, रामतीर्थ सदन दूसरे एवं रामकृष्ण सदन तीसरे स्थान पर रहे। हिंदी नाटक प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में मीरा सदन प्रथम, रामतीर्थ सदन दूसरे एवं विवेकानंद सदन तीसरे स्थान पर रहे।

## बैंक जमाकर्ता शिक्षा कार्यशाला का आयोजन

**झुंझुनूं,(निसं)।** कंज्यूमर यूनिटी एवं ट्रस्ट सोसायटी जयपुर व भारतीय रिजर्व बैंक तथा सारथी संस्था सूरजगढ के संयुक्त तत्वावधान में खाना खजाना होटल में जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में आरबीआई एंड फांइनेंशियल लिटरेसी एक्सपर्ट और आरबीआई के सेवानिवृत्त एजीएम केएन वर्मा द्वारा बैंकों की विभिन्न योजनाएं व साइबर क्राइम से बचाव तथा सभी वर्ग जिसमें छात्र, किसान, महिलाएं, पुरूष, युवा ज्यादा से ज्यादा अपनी बचत को सुरक्षित बैंक में जमा कर लाभ उठा सकें तथा किसी भी प्रकार के बैंक संबंधित समस्या से निजात पा सके। इन सबकी जानकारी दी। कट्स जयपुर के सह निदेशक दीपक सक्सेना द्वारा प्रस्तुतिकरण डिजिटल के माध्यम से केंद्र सरकार की स्कीम व बैंक की योजनाएं की जानकारी दी गई तथा जो आजकल चल रही छात्रों व युवा को लालच में अपना बैंक खाता किसी दूसरे व्यक्ति को उपयोग में लेने के लिए दे देते हैं। तो उसमें उनके खाते में अचानक राशि जमा होना और उपयोग में लेने वाला कोई और और आयकर के दायरे में आना खाताधारक को अनावश्यक परेशानी व मुकदमा होने के गंभीर समस्याओं का सामना करना आदि बिंदूओं और बैंकिंग की विभिन्न लाभप्रद योजना का फायदा और खतरे के बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों से आए प्रतिनिधि जिनमें शिवकुमार जांगिड बैंक मैनेजर सेन्ट्रल कॉपरिटव बैंक, एचडीएफसी बैंक के अनिल कुमार, आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर चन्द्रदीप सक्सेना, सुनिल कुमार कॉपरेटिव बैंक तथा रामगोपाल महमिया सेवानिवृत्त मैनेजर सीसी बैंक ने ज्यादा से ज्यादा लाभ, बैंक के नाम से फर्जी कॉल आने पर सावधानियां तथा अपनी बचत के वाईसी अपडेट तथा बैंक लोकर्स की जानकारी दी।

कार्यशाला में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी लियाकत अली, जिला पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष नेमीचंद पूनियां, चंद्रप्रकाश धूपिया, मालीराम वर्मा सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर जलदाय विभाग, कमल अग्रवाल, प्रदीप ईशरवाल हिंदुस्तान स्काउट्स, पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह, उमाशंकर महमिया, जीवनसिंह पूर्व पार्षद सूरजगढ, कट्स जयपुर के धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सारथी संस्था सूरजगढ सचिव राजेंद्र सैन ने किया।

### बैठक आयोजित

**सीकर ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को वर्ष 2024 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया जावेगा।आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं कार्यप्रणाली के संबंध में शालिनि गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर द्वारा मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीकर मुख्यालय के बैंक, फाईनेंस कम्पनियों के पदाधिकारीयों के साथ आयोजित की गई जिसमें उनके द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में विचार-विमर्श किया गयसीकर मुख्यालय अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण जो मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण व एनआई एक्ट न्यायालय में वादी, प्रतिवादी की और से उपस्थित आते है, उनके साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक आयोजित की गई।

## अतिरिक्त ऊर्जा सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं,(निसं)।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आ ान पर अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (भारतीय मजदूर संघ) की अगुवाई में संयुक्त रूप से सभी संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एक हजार से अधिक की संख्या में अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर पर शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर एकत्रित हुए। सभा को संबोधित करते हुए भामसं के अजमेर डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने बताया कि पूरे प्रदेश में सभी 5० जिला मुख्यालयों पर विद्युत के सभी अधिकारी कर्मचारी को प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संगठन संयुक्त रूप से राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 5० हजार से अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर निगम प्रशासन एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को निजीकरण के विरोध में तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए आवश्यक जीपीएफ कटौती चालू करने तथा सीपीएफ कटौती बंद करने की प्रमुख मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किए गए हैं। संयुक्त संघर्ष समिति झुंझुनूं जिले के संयोजक वीरेंद्र सिंह तंवर, विकास कुमार, अभियंता सरजीत ने बताया कि अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर पर निजीकरण के विरोध में तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करने बाबत सभा की गई तथा जोरदार नारेबाजी के साथ अधीक्षण अभियंता महेश टीबडा के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विशाल रैली निकाल कर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर पर पहुंच कर प्रदर्शन किया एवं जोरदार नारेबाजी के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। संयुक्त व्यवस्था परिषद ऊर्जा विभाग अजमेर डिस्कॉम के मनोनीत सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा निजीकरण बंद नहीं करने तथा पुरानी पेंशन योजना के लिए जीपीएफ कटौती चालू नहीं करने पर आंदोलन जारी रहेगा।



# सात हजार की रिश्वत लेते लाइनमैन गिरफ्तार

## ट्यूबवैल कनेक्शन की वीसीआर ना भरने के नाम पर दस हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी

**झुंझुनूं,** (निसं)। एसीबी टीम ने शुक्रवार को अजमेर डिस्कॉम के खेतडी नगर एईएन कार्यालय में कार्यरत लाइनमैन रामावतार को सात हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी झुंझुनूं के एएसपी इस्माइल खान ने बताया कि 26 नवंबर को भोदन निवासी परिवादी मुकेश गुर्जर ने शिकायत दी थी कि लाइनमैन टिकुपूरा ढाणा निवासी रामावतार उसे परेशान कर रहा है। वह उसके ट्यूबवैल कनेक्शन की वीसीआर ना भरने के नाम पर दस हजार रूपए की रिश्वत मांग रहा है, जिस पर एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन करवाया।



लाइनमैन रामावतार।

- **खेतड़ी नगर एईएन कार्यालय में एसीबी टीम ने रिश्वत मामले में कार्रवाई की**

शिकायत के दौरान सौदा सात हजार रूपए में तय हुआ। तय हुए सौदे के अनुसार शुक्रवार को परिवादी मुकेश गुर्जर के पास लाइनमैन रामावतार रिश्वत की राशि लेने के लिए उसके खेत पर पहुंचा, जहां पर परिवादी ने रिश्वत की राशि दी तो तुरंत ही एसीबी की टीम ने सीआई सुरेशचंद्र के नेतृत्व में रामावतार को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी में सामने आया है कि लाइनमैन परिवादी को लगातार डरा रहा था कि उसका जो ट्यूबवैल का कनेक्शन उस पर निर्धारित लोड से ज्यादा लोड काम लिया जा रहा है, जिसकी वीसीआर भरी जाएगी तो उसे बड़ा नुकसान होगा। इसलिए वह लगातार रिश्वत की मांग कर रहा था, जिससे परेशान होकर परिवादी ने एसीबी में शिकायत की थी। शनिवार को आरोपी लाइनमैन को जयपुर के विशेष एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित मासलपुर चुंगी क्षेत्र में बुधवार-गुरूवार की रात्रि को एक परचून की दुकान में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण दुकान में रखा हजारों रुपए का माल और एक मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई। फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सिग्मा कॉन्स्टेबल जगराम ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के इलाके में बड़ा नुकसान होने से बच गया। फायरमैन राज गुर्जर ने बताया कि मासलपुर चुंगी क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से राहत बचाव कार्य शुरू किया। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखा हजारों रुपए का सामान पूरी तरह जल गया। इस दौरान बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल मे भी आग लग गई। पुलिस और प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक गुड्डू और आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# दहेज हत्या मामले में सास-ननद को 7-7 साल की सजा

## दहेज हत्या के करीब आठ साल पुराने मामले में न्यायालय ने सुनवाई की

**कोटा,** (निसं)। दहेज हत्या के करीब आठ साल पुराने मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी सास व ननद को दोषी मानते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई। मामले में महिला उत्पीड़न क्रम दो के न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए गोदल्याहेड़ी निवासी सास कमला बाई और ननद देवकी को दोषी मानते हुए सात-सात साल की सजा से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक भूपेंद्र मित्तल ने बताया कि 24 अक्टूबर 2016 को फरियादी इटोडा गांव निवासी सत्यनारायण ने कैथून थाने में रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि उसकी बड़ी बहिन ऊषा की शादी तीन वर्ष पहले गोदल्याहेड़ी निवासी गजानन उर्फ लड्डू लाल के साथ हुई थी। रिपोर्ट में कहा

- **आरोपियों के खिलाफ 23 गवाहों के बयान हुए**

कि शादी के कुछ समय बाद से उसकी बड़ी बहन को उसकी सास-ससुर, देवर, ननद और उसका पति दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करते और उससे आए दिन मारपीट करते थे। जब भी उनकी बहन ससुराल से गांव आती तो अपने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत भी करती थी। एक बार बहन को समझाकर उसको ससुराल भी भेज दिया था। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उनके दादाजी की मौत पर उनकी बहन तीन दिन में गांव आई थी लेकिन दादाजी के गम की वजह से किसी से कुछ नहीं कह पाई और किसी से कुछ कहे बिना ससुराल चली गई।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी बहन के देवर का फोन आया था कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया कि उसको शक है कि उसकी बहन को जहर देकर या गला घोंटकर मारा गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 304-बी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार किया अनुसांधान के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 304-बी, 34 आईपीसी के तहत न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में 23 गवाहों के बयान हुए। मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी सास कमला बाई और ननद देवकी को दोषी मानते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई

# कृषि कनेक्शन के बदले 45 हजार की रिश्वत ली थी, जांच में दोषी माना

**बीकानेर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पिछले साल जून में नोखा के साठिका गांव में कृषि कनेक्शन के बदले 40 हजार रुपए की रिश्वत लेने की जांच पूरी कर ली है। जांच में दो आरोपियों को दोषी माना जिनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। आरोपियों ने 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने प्रतिवाद किया तो मान रखने की कहकर 50 हजार को 45 हजार कर पांच हजार लौटा दिए।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम के कार्यालय आदेश पर फर्म भावरिया कंस्ट्रक्शन को नोखा के साठिका गांव में परिवादी सीताराम प्रजापत के पिता

- **एसीबी ने पिछले साल जून में नोखा के साठिका गांव में कृषि कनेक्शन के बदले रिश्वत लेने की जांच पूरी की**

मघाराम की जमीन पर कृषि कनेक्शन करना था। इसके लिए बिजली की लाइन डालकर ट्रांसफार्मर लगाना था। इसके लिए फर्म का काम करने वाले सीकर निवासी सुरेश कुमार बाजिया और रोहित मीणा ने 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। एसीबी ने दो जून, 2023 को दोनों आरोपियों को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया था। इस मामले की जांच पूरी कर ली गई है। एसीबी ने दोनों आरोपियों को दोषी माना और एएसपी महावीरप्रसाद शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। जांच में खास बात यह आई कि रिश्वतखोरों ने परिवादी से 50 हजार रुपए मांगे और 45 हजार रुपए लिए। इसमें से मान-सम्मान के नाम पर पांच हजार रुपए वापस लौटा दिए थे।

नोखा में कुंभासर गांव निवासी परिवादी सीताराम प्रजापत ने एक जून, 2023 को एसीबी की बीकानेर चौकी में रिपोर्ट दी थी कि उसके पिता मघाराम के नाम साठिका गांव में जमीन है। वहां कृषि कनेक्शन लेना था। इसके लिए जोविविनिलि से डिमांड नोटिस जारी हुआ जो जुलाई, 2022 में भर दिया। खेत में विद्युत लाइन डालने और ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश 28 फरवरी, 2023 को हुए। संबंधित फर्म ने यह काम अपने कार्मिक ठेकेदार सुरेश कुमार बाजिया और रोहित मीणा को सौंपा। उन्होंने इस काम के 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। परिवादी ने इसकी शिकायत एसीबी में की। शिकायत का सत्यापन करवाया गया। उसके बाद 2 जून को ट्रैप की कार्यवाही की गई। एसीबी ने दोनों आरोपियों को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षदों का बोर्ड मीटिंग में हंगामा

**चौंमू/कालाडेरा,** (निंस)। शुक्रवार को नगरपरिषद चौंमू की साधारण सभा की बैठक में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पार्षदों ने भारी हंगामा किया। जैसे ही मीटिंग शुरू हुई भाजपा पार्षदों ने पूर्व में किए गए विकास कार्यों में जैसे सड़क, नाली, तिरंगा लाइट, स्ट्रीट लाइट लाइट

- **जैसे ही मीटिंग शुरू हुई भाजपा पार्षदों ने पूर्व में किए गए विकास कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ सभापति से जवाब मांगा**

सहित अन्य कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ सभापति से जवाब मांगा।



नगरपरिषद चौंमू की साधारण सभा की बैठक में पार्षदों ने हंगामा किया।

इससे पहले भी भाजपा पार्षदों ने स्वायत्त शासन विभाग में शिकायत की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी, सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया था। इसी तरह पूर्व में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें हुई थी। इसके बावजूद नगर परिषद में ख़राब गुणवत्ता की सड़कें बनायी जा रही है व राजकीय कोष का दुरुपयोग किया जा रहा है।

भाजपा पार्षद गजेन्द्र यादव ने बताया कि सभापति द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के संबंध में जब चौंमू विधायक शिखा मील बराला से सवाल किया कि आपकी सहमति से सभापति भ्रष्टाचार कर रहे हैं क्या? अगर नहीं, तो आप द्वारा शिकायतों के आधार पर इसमें नकेल क्यों नहीं कसी गई है। चौंमू विधानसभा क्षेत्र में इस समय विधायक, सांसद व सभापति सहित नगरपरिषद में कांग्रेस का बोर्ड है। आपको इस संबंध में जनता को जवाब देना चाहिए, लेकिन सभागार में विधायक शिखा मील बराला की चुप्पी भी आशंका पैदा करती है। साथ ही पार्षद राहुल शर्मा ने तिरंगा लाइट का मामला प्रमुखता से उठाया। साथ ही संदीप शर्मा, बाबूलाल यादव, बाबूलाल सैनी, मुकेश सिद्ध, सुनील अग्रवाल, मातादीन अग्रवाल व अनीता कुमावत सहित अन्य पार्षदों ने भी अपनी वार्ड की समस्याओं को लेकर हंगामा किया।

# जयपुर में 1.47 करोड़ की लूट के बाद चूरू में हत्या करने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं.)। चूरू सदर थाना पुलिस ने जयपुर में 1.47 करोड़ रुपए की लूट के बाद चूरू में हत्या करने वाले मुख्य सरगना अमित कुमार उर्फ मितला को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि मितला 15 हजार रुपए का इनामी आरोपी है। यादव ने बताया कि 2 नवम्बर 2024 को प्रेमचंद पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत (45) निवासी वार्ड नम्बर 46 चूरू ने रिपोर्ट दी कि वह भतीजा नरेन्द्र प्रजापत के साथ पार्टी कर रात्रि के समय मोटरसाइकिल पर घर आ रहा था। रास्ते में एक थार गाड़ी को रोड के बीच लगाकर मोटरसाइकिल को रूकवाकर आरोपी अमित उर्फ मितला, शुभम ढाका व उसके साथियों ने लाठियों से मारपीट कर नरेन्द्र की हत्या कर फरार हो गये। मामले को गंभीरता से लेते हुए लोकन्द्र दादरवाल आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू, सुनिल कुमार झाझड़िया आरपीएस वृताधिकारी वृत चूरू के निकटतम सुपरविजन में बलवन्त सिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू ने थाना स्तर पर टीम का गठन किया। अलग- अलग टीमों द्वारा हत्या के मुख्य सरगना आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला की सीसीटीवी फुटेज व



चूरू सदर थाना पुलिस ने चूरू में हत्या करने वाले मुख्य सरगना अमित कुमार उर्फ मितला को गिरफ्तार किया।

लोकेशन के आधार पर रूट मैप बनाकर जयपुर, सीकर, फतेहपुर, जोधपुर, नागौर में अलग-अलग स्थानों पर दबीश की गई। साइबर सैल व मुखबिर के सहयोग से आरोपी अमित कुमार के भिवण्डी (महाराष्ट्र) में छुपने का पता लगने पर वहां पर दबीश दी गई, मगर आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस ने लगातार पीछा करके आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला पुत्र योगेन्द्र जाट निवासी बूटिया पुलिस थाना सदर चूरू को फतेहपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी अमित कुमार उर्फ मितला जयुपर में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लूट करने के बाद वहां से फरार हो गया था। फरार होने के बाद पूर्व की रंजीश को लेकर चूरू आकर नरेन्द्र प्रजापत की

- **15 हजार रुपए के इनामी आरोपी मितला ने दो नवम्बर को चूरू के नरेन्द्र प्रजापत की हत्या की थी**
- **फरारी के दौरान अमित कुमार उर्फ मितला पुष्कर व मुम्बई में जाकर भीख मांगने लगा था**

हत्या की और फरार हो गया। आरोपी अमित कुमार अपनी फरारी के दौरान पुष्कर व मुम्बई में जाकर भीख मांगकर अपना पेट भरने लगा। वह अपना हुलिया बदलकर पुलिस को शक ना हो इसलिए भिखारियों के बीच ही सोने लगा। इसकी गिरफ्तारी में साइबर सैल चूरू के रमाकान्त कांनि. की विशेष भूमिका रही। पुलिस थाना सदर चूरू टीम में बलवन्त सिंह उनि थानाधिकारी, सज्जन कुमार हैड कानि, नवीन साइबर सैल, सरजीत कांनि. शामिल रहे। आरोपी अमित कुमार पर आर्म्स, पॉक्सो, लूट, हत्या आदि सहित 12 प्रकरण दर्ज हैं।

# नीट पीजी दाखिले की अंतिम सूची पर हाईकोर्ट की रोक

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट (पीजी) 2024 की अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में हुई तकनीकी गलती को लेकर राज्य के काउंसलिंग बोर्ड को अगले आदेश तक राज्य कोटे के तहत चिकित्सा पीजी पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों के दाखिले की सूची को अंतिम रूप देने से रोक दिया है।

न्यायाधीश दिनेश मेहता की एकल पीठ में 45 याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता कैलाश जांगिड़ तथा मोहनसिंह शेखावत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अधिक अंक मिले थे। वे मेरिट लिस्ट में उच्च स्थान पर थे लेकिन काउंसलिंग बोर्ड उन्हें कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से नीचे रख रहा है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर, 2024 को जारी की गई अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में तकनीकी या प्रक्रियागत त्रुटियां हैं। इसके कारण गलत उम्मीदवारों को दाखिला दिया जा रहा है।

- **त्रुटियों को ठीक करने के लिए काउंसलिंग बोर्ड को सात दिन का समय**
- **मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर निर्धारित की गई है**

हाईकोर्ट ने याचिका में दी गई जानकारी की पुष्टि करते हुए पाया कि याचिकाकर्ताओं के आरोपों में आधार है। पीठ ने काउंसलिंग बोर्ड को सात दिन का समय दिया है ताकि वह मामले की जांच कर त्रुटियों को ठीक कर सके। मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर निर्धारित की गई है। तब तक राज्य के काउंसलिंग बोर्ड को नीट (पीजी) कोर्स 2024 के उम्मीदवारों के दाखिले की अंतिम सूची जारी करने से रोका गया है।


राजस्थान सरकार
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304 राजस्थान, भारत

ई-निविदा 22/2024-25

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Bio Control Lab Equipment for Dr. BRC ARS, Mandor की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO.: JAU2425GLOB00156 EPROC ID: 2024_AGUJD_432706_1

नियंत्रक(वित्त)
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
राज.संवाद/सी/24/8469

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/177-179 Date : 27/11/2024

ई-निविदा संशोधन सूचना

प्राधिकरण द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या: 43/2024-25 के कार्य संख्या-02 की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एंव EMD, Tender Fee & Processing Fee Online दिनांक: 05-12-2024 को सांय: 6.00 बजे तक जमा की जा सकेगें एवं दिनांक: 06-12-2024 को प्रात: 11.00 बजे खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/8491

BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY
Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004
Ref. No. : BTU/EXAM/2024/23374 Date : 27/11/2024

Notice Inviting Bid

Bikaner Technical University invites following bids:

| Sr. No. | Particulars | Estimated Cost | NIB No. | UBN No. | Last Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Printing and Distribution of Theory and Practical Answer Books. | 28.00 Lacs | BTU2425 A0002 | BTU2425 GLOB00002 | 07.12.2024 up to 5:00 P.M. |

Others particulars of the bids can be find on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in of the state and Bikaner Technical University website www.btu.ac.in.

Raj.Samwad/C/24/8484 (CoE)

RAJASTHAN STATE TEXT BOOK BOARD
2-2A, Jhalana Dungri, Jaipur, Phone : 0141-2700540, 2711237, 2703657 Fax: 0141-2710362
No. : F-7/Production/RSTB/24-25/6264 Date : 28.11.2024

Notice Inviting Bid

E-Bids are invited for Job work of printing of Books having following details :

| S. No. | Bid No. | Items | Specifications | Bid Value (in Crore) | Last date/ time of submission | UBN |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 338 | Printing of Books | Sheet offset Printing | 40.00 | 18.12.2024 (6:00 PM) | TBB2425SLRC 00062 |
| 2 | 339 | Printing of Books | Web Offset Printing | 20.00 | 18.12.2024 (6:00 PM) | TBB2425SLRC 00063 |

Details of the bids may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in

Raj.Samwad/C/24/8513 Secretary

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-धौलपुर
क्रमांक-2070-2082 दिनांक-25.11.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 03/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड धौलपुर के अधीन अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, जिला धौलपुर (दोष निवारण अवधि 05 वर्ष सहित) के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

NIB NO. PWD2425A2907, UBN NO. PWD2425WSOB10654

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त धौलपुर
DIPR/C/11915/2024


# बदमाशों ने 24.65 लाख रुपये से भरे एटीएम को गैस कटर से काटा, लूट का प्रयास विफल

## पुलिस गश्त की भनक लगते ही भाग छूटे बदमाश, एटीएम पर तैनात सुरक्षा गार्ड पास की ही दुकान में सो रहा था

**सिकराय,** (निसं)। सिकंदरा थाना क्षेत्र के गीजगढ़ कस्बे में बीती रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा एसबीआई बैंक के एटीएम को गैस कटर के काटकर लूट का प्रयास किया गया, लेकिन इस दौरान पुलिस गश्त को देखकर बदमाश भाग गए। इससे एटीएम मशीन में रखे 24.65 लाख रुपए लूट से बच गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं हो, इसे लेकर बदमाशों ने एटीएम कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों पर कालिख लगा दी।

गीजगढ़ चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया कि रात्रि करीब तीन बजे कस्बे के मुख्य बाजार में लगे एसबीआई बैंक के एटीएम को लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाश गैस कटर व अन्य उपकरण लेकर पहुंचे। बदमाश इतने शातिर थे



दौसा से आई एमओबी व एफएसएल की टीम सहित पुलिसे ने साक्ष्य जुटाए।

कि पुलिस की पकड़ से बचने के लिए एटीएम पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर कालिख लगा दी, जिससे उनके चेहरे कैमरे में कैद नहीं हो सके। उन्होंने एटीएम मशीन कक्ष के ताले की कुंदी काटकर शटर खोल दी, जिसके बाद एटीएम को काटकर कैश लूट की वारदात को अंजाम देने वाले थे। उसी वक्त पुलिस टीम गश्त कर रही थी, जिसे देखकर चोर मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान एटीएम पर तैनात सुरक्षा गार्ड भी पास की ही दुकान में

- **वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद नहीं हो, इसे लेकर बदमाशों ने एटीएम कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों पर कालिख लगा दी**

सो रहा था। एटीएम को बदमाशों द्वारा तोड़ने के प्रयास की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां गैस कटर से शटर का ताला कटा मिला। पुलिस ने मौके से गैस कटर सहित अन्य सामान जब्त किए हैं। ऐसे में एटीएम लूट की वारदात को अंजाम देने आए चोर कितने थे और किस वाहन से आए थे, पुलिस इसका पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज जुटाकर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

**लाखों रुपए सुरक्षित बचे :-** एटीएम मशीन को लूट के प्रयास की घटना की जानकारी मिलते ही बैंक के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बैंककर्मियों ने घटना का जायजा लेकर एटीएम मशीन को खोलकर देखा तो एटीएम में रखे पैसे 24 लाख 65 हजार रुपये सुरक्षित मिले। बदमाशों ने एटीएम को तोड़ने के लिए गैस कटर से एटीएम मशीन को काटने का प्रयास किया।

गीजगढ़ चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया कि एटीएम मशीन को तोड़ने के प्रयास की घटना को लेकर कस्बे में सड़क मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं और वारदात के खुलासे के लिए जानकारी जुटाई जा रही है। दौसा से आई एमओबी व एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

# 'जयपुर में 5000 करोड़ के वेटरनरी कॉलेज पर पिछले पांच साल से अवैध कब्जा'

## डॉ.किरोड़ी मीणा और कॉलेज संस्थापक 92 वर्षीय डॉ. राज खरे ने ए.सी.बी. मुख्यालय पहुंचकर धरना दिया

**जयपुर**। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा शुक्रवार को वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ.राज खरे के साथ झालाना स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आगरा रोड पर 5000 करोड़ के वेटरनरी कॉलेज पर कब्जा करने की शिकायत की। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति और पूर्व मुख्यमंत्री स्व.भैरोंसिंह शेखावत ने अमेरिका जाकर डॉक्टर राज खरे को राजस्थान में निवेश का न्यौता दिया था। इसके बाद इन्होंने करोड़ों रुपए लगाकर जयपुर में आगरा रोड पर बहुत बड़ा अपोलो वेटरनरी कॉलेज खोला था। जो मौजूदा वक्त में 4 से 5 हजार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। पिछले कुछ सालों में वहां असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर लिया है। डॉ. राज खरे वर्ष 2019 से राजस्थान सरकार के चक्कर ही काट रहे हैं। एसीबी में भी इन्होंने तीन केस दर्ज कर दिए। तीनों विभिन्न जांच अधिकारियों से प्रमाणित भी है। परंतु कहीं कोई सुनवाई या कार्रवाई नहीं हो रही है। कोर्ट ने इस मामले में काला धन इकट्ठा होने का भी अंदेशा जताया है। इसके खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स में भी शिकायत करने की तैयारी की जा रही है। कोर्ट ने अतिक्रमियों के खाते भी सीज कर दिए थे। परंतु कुछ वक्त बाद ही न जाने किस वजह से उनके खातों को फिर से खोल दिया गया है।

मंत्री किरोड़ी ने एसीबी ऑफिस में नाराजगी जताते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्रवाई के लिये कह दिया, इसके बाद भी 92 साल का बुजुर्ग एसीबी के दरवाजे पर खड़ा है। मैं इसे उचित नहीं मानता। यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हमारी सरकार संवेदनशील है, लेकिन यहां पर न जाने संवेदन शून्यता क्यों है? यह मेरे भी समझ से बाहर है। किरोड़ीलाल ने कहा कि राजस्थान में निवेशकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अगर निवेशक की प्रॉपर्टी पर ही कब्जा हो गया। सरकार को जल्द से जल्द कब्जा हटाकर निवेशकों की प्रॉपर्टी फिर से इन्हें दिलानी चाहिए।

मुख्यमंत्री की सुनवाई क्यों नहीं हो रही, इस सवाल पर किरोड़ी ने कहा कि इस जवाब तो मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं। मैं मंत्री हूं, मेरे विभाग में तो अधिकारी मेरी सुनते ही हैं भाई। किरोड़ीलाल ने कहा कि डॉक्टर खरे ने पूरे राजस्थान के युवाओं के लिए कॉलेज खोला था। ताकि राजस्थान के युवा वेटरनरी शिक्षा हासिल कर सकें। मौजूदा वक्त में वहां कुल 500 स्टूडेंट्स हैं। इनमें से महज 200 ही राजस्थान के है। वहीं, बाहर के लोगों से बड़ी फीस लेकर उन्हें कॉलेज में एडमिशन दिया जा रहा है। इसकी शिकायत भी दी जा चुकी है। जो अदालत के आदेश के बाद प्रमाणित है। इसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

मंत्री किरोड़ी ने कहा कि इस मामले को लेकर मैं डॉ. राज खरे को 20 दिन पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी मिलाने ले गया था। मुख्यमंत्री ने हमें कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने आईजी मुख्यमंत्री सिक्योरिटी गौरव श्रीवास्तव से इस मामले पर कार्रवाई के लिए भी कहा था। परंतु गौरव श्रीवास्तव ने डॉ.खरे से मुलाकात करना तक मुनासिब नहीं समझा। इसकी वजह से 92 साल का बुजुर्ग दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहा है। एसीबी में भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसके खिलाफ आज यह यहां पर धरना दे रहे हैं। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि डॉक्टर खरे पिछले 5 महीने से अमेरिका छोड़कर जयपुर में रह रहे हैं। उनके बच्चे इन्हें बुला रहे हैं। कोई बात नहीं आपकी प्रॉपर्टी डूब गई। उसे छोड़कर फिर से अमेरिका आ जाओ। इनकी यही मांग है कि जब तक उनकी प्रॉपर्टी आम जनता के काम नहीं आएगी। यहां से कहीं नहीं जाएंगे। अभी यह डीजी के कमरे में धरना दे रहे थे, लेकिन मैं इन्हें समझा कर नीचे लाया हूं। अब यह यहां पर धरने पर बैठे हैं।

डॉ राज खरे ने कहा कि एक तरफ राजस्थान में सरकार निवेशकों को बुलाने की बात कर रही है। दूसरी ओर हम जैसे निवेशकों के साथ धोखा हो रहा है। ऐसे में मैं अब 9 दिसंबर से शुरू होने जा रहे राइजिंग राजस्थान का भी विरोध करूंगा। आज में एसीबी मुख्यालय में धरना देकर अपने विरोध की शुरुआत कर रहा हूं। ताकि दुनिया भर के निवेशकों को पता चल सके राजस्थान में किस तरह निवेशकों के साथ धोखा होता है।


डॉ. राज खरे ने ए.सी.बी. मुख्यालय पर धरना दिया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से 20 दिन पहले डॉ. खरे को मिलवाया था, तब सी.एम. ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन ए.सी.बी. और पुलिस के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं : डॉ. किरोड़ी**
- **मंत्री किरोड़ी लाल ने कहा कि ''मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई के लिये कहने के बावजूद 92 वर्षीय डॉक्टर ए.सी.बी. में खड़ा है। हमारी सरकार सवेदनशील हैं, लेकिन यहां शून्यता क्यों?''**
- **पूर्व उपराष्ट्रपति और पूर्व मुख्यमंत्री स्व.भैंरोसिंह शेखावत ने अमेरिका जाकर डॉ.खरे को राजस्थान में निवेश का न्यौता दिया था, इसके बाद डॉ. ने जयपुर में करोड़ो रुपये लगाकर आगरा रोड पर वेटरनरी कॉलेज की स्थापना की थी।**
- **पीड़ित डॉ. राज खरे ने 9 दिसंबर से जयपुर में हो रहे राइजिंग राजस्थान के विरोध की घोषणा करते हुए कहा कि ''एक तरफ राजस्थान सरकार निवेशकों को बुलाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ हम जैसे निवेशकों के साथ धोखा हो रहा है।''**

# राज्यपाल ने ''आदि महोत्सव 2024'' का शुभारंभ किया


राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, ट्राइफेड द्वारा आयोजित ''आदि महोत्सव'' का शुभारम्भ किया।

**जयपुर**। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की ओर से आदि महोत्सव 2024 का आयोजन 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने आज जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, ट्राइफेड द्वारा आयोजित "आदि महोत्सव" का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर महोत्सव में देशभर के राज्यों से भाग लेने वाले शिल्पकारों, कलाकारों का अभिनंदन करते हुए आम जन से आव्हान किया कि दैनिक जीवन में जनजातीय उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए।

बागडे ने समारोह में बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह अंग्रेजों से ही नहीं लड़े बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 2021 से प्रतिवर्ष हमारे यहां 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिवस जनजातीय परंपराओं को सहेजने, उनके विकास और उनके समग्र कल्याण को समर्पित है।

राज्यपाल ने आदिवासी परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए प्रकृति पोषण से जुड़े उनके कार्य अपनाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने जनजातियों के समग्र विकास के लिये उनसे जुड़े क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनके आजीविका के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि देश की गरीबी तभी कम होगी जब राष्ट्र के बच्चे पढ़ेंगे।

नगर निगम ग्रेटर की महापौर डा. सौम्या गुर्जर ने आदि महोत्सव को वोकल फोर लोकल मुहिम को आगे बढ़ाने वाला बताया। ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा ने सभी का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन दिया।

इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम को जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टी.आर.आई.) उदयपुर, राजस्थान सरकार और केंद्रीय संचार ब्यूरो, भारत सरकार तथा नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के समन्वय से किया जाएगा। इस मेले मे राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड तथा नॉर्थ ईस्ट के जनजातीय कारीगर , शिल्पकार भाग लेंगे।

# 'सिरसी रोड पर प्रभावितों को सुनकर जे.डी.ए कार्रवाई करे'

- **सिरसी रोड बाईपास से क्वींस रोड तिराहे के बीच आने वाले अतिक्रमणों को हटाने का मामला**

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए को कहा है कि वह सिरसी रोड बाईपास से क्वींस रोड तिराहे के बीच आने वाले अतिक्रमणों को हटाने से पहले प्रभावितों सुनवाई का मौका देकर विधि सम्मत कार्रवाई करे। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश विजय कुमार बोयत की जनहित याचिका में दायर प्रभावितों तुलसी देवी व अन्य की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर दिए। अदालत ने पूर्व में जेडीए को दो माह में यहां से अतिक्रमण हटाने को कहा था।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता अजय चौधरी ने बताया कि प्रभावित व्यापारियों को सुने बिना खंडपीठ ने उन्हें अतिक्रमी मानकर पूर्व में आदेश पारित किया है। ऐसे में अदालती आदेश की आड़ में अब उन्हें सीधे हटाया जा रहा है। जबकि कई व्यापारियों के पास वैध दस्तावेज भी हैं। वहीं हाईकोर्ट की ओर से उन्हें अतिक्रमी मानने पर अब उन्हें किसी अन्य स्तर पर राहत भी नहीं मिल सकती। ऐसे में खंडपीठ के पूर्व के आदेश को वापस लिया जाए और उनका पक्ष भी सुना जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने जेडीए को निर्देश देते हुए जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। प्रभावितों के वकील ने बताया कि खंडपीठ ने माना कि सड़क की चौडाई और अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए जेडीए अधिकृत है। गौरतलब है कि खंडपीठ ने गत 21 नवंबर को जेडीए को आदेश दिए थे कि वह अतिक्रमी को नोटिस देकर दो माह में सड़क को अतिक्रमण मुक्त करे। इस पर प्रभावितों की ओर से प्रार्थना पत्र दायर कर आदेश को वापस लेने की गुहार की गई थी।

# पंचायत समितियों में कार्यरत हैंडपंप मिस्त्रियों को पदोन्नति के अवसर क्यों नहीं : हाईकोर्ट

**जयपुर**। राजस्थान हाई कोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग में नियमित तौर पर काम कर रहे हैंडपंप मिस्त्रियों को पदोन्नति के अवसर नहीं देने से जुडे मामले में प्रमुख ग्रामीण विकास सचिव, प्रमुख कार्मिक सचिव, ग्रामीण विकास आयुक्त और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद करौली सहित अन्य से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश राजेंद्र सिंह यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता पंचायत समिति हिंडौन सिटी में हैंडपंप मिस्त्री के पद पर काम कर रहा है। उसे जनवरी 1996 से नियमित वेतन श्रृंखला दी गई। वहीं राज्य सरकार ने राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 258 एवं 259 में संशोधन किया। इसके तहत नियम 258 से हैंडपंप मिस्त्री और फिटर की पोस्ट सृजित की गई और नियम 259 में संशोधन कर फिटर के पद को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से डेपुटेशन से भरने के लिए कहा। याचिका में कहा गया कि फिटर का पद हैंडपंप मिस्त्री का पदोन्नति पद है और इसे पंचायती राज विभाग की ओर से पदोन्नति के जरिए ही भरा जाना चाहिए। इस संशोधन के कारण याचिकाकर्ता सहित अन्य कर्मचारी अपने पदोन्नित के अवसर से वंचित हो रहे हैं। वहीं उन्हें पूरे सेवाकाल में पदोन्नति पद नहीं मिलेगा। यह संविधान में दिए समता के अधिकार की अवहेलना है। ऐसे में उसे पदोन्नति का लाभ दिलाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# 'मदन राठौड़ को धमकी देने वाला हेतराम मेघवाल गिरफ्तार'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि शुक्रवार सुबह 11.44 बजे मोबाइल पर अनजान नंबरों से किसी हेतराम मेघवाल उर्फ लादूनाथ नाम के व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौज करते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस को मामले की सूचना देते हुए एफआइआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। राठौड़ ने बताया कि मेरा स्वभाव है मैं मोबाइल पर आने वाले हर कॉल का जवाब देता हूं, शायद कोई जरूरत मंद को मदद की आवश्यकता हो। इसलिए मैंने अनजान नंबर से आए फोन को रिसीव किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित हेतराम मेघवाल एक राजनीतिक दल के किसी नेता का सहयोगी भी रह चुका है और धमकी देना स्वीकार कर चुका है। हालांकि पुलिस द्वारा पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपित हेतराम नशे का आदि है और अपने बयान को बार बार बदल रहा है। आरोपित हेतराम कभी इस मामले को देवली-उनियारा के निर्दलीय प्रत्याशी से भी जोड़ रहा है।

राठौड़ ने कहा कि पुलिस ने रजिस्ट्र्ड मोबाइल नंबर की जांच की तो यह नंबर आशीष कुमार के नाम से जारी किया गया था। आशीष ने बताया कि इस नंबर की सिम उसके पिता हेतराम मेघवाल इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बाद अनूपगढ़ (गंगानगर) पुलिस ने आरोपित हेतराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित हेतराम कभी कलेक्टर, कभी किसी अन्य राजनेताओं को भी धमकी दे चुका है। हेतराम कभी अपने आप को बिहार का बता रहा था, तो कभी अनूपगढ़ का। पुलिस ने जांच के बाद अनूपगढ़ से आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब के नजदीकी इलाकों में नशे का कारोबार तेजी से पांव पसार रहा है, आरोपित आदतन नशेड़ी भी हो सकता है।

# जे.डी.ए. ने 1300 करोड़ रुपए की 250 बीघा सरकारी जमीन से हटाया काश्तकारों का कब्जा

## इकोलॉजिकल जोन में ग्राम गोविंदपुरा रोपाड़ा में थी यह बेशकीमती जमीन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में गोनेर रोड पर स्थित गोविंदपुरा रोपाडा में जयपुर विकास प्राधिकरण की 250 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन पर स्थानीय काश्तकारों से अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे शुक्रवार को जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने हटाया। जे.डी.ए. दस्ता जब यहां कार्रवाई करने पहुंचा तो हैरान हो गया कि करीब 1300 करोड़ रु. बाजार मूल्य की सरकारी जमीन पर काश्तकारों ने कई तरह से अतिक्रमण करके कब्जा जमा रखा था।

पुलिस उपमहानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-10 सिथत इकोलोजिकल जोन में ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाडा में खसरा नं. 1016 से 1019 तक करीब 250 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि है। इस बेशकीमती जमीन पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल, बाड बनाकर, लकडी की छड़ियां लगाकर और तारबंदी करके अवैध रूप से फसल उगाकर खेती की जा रही थी। जैसे ही सरकारी जमीन पर इस अतिक्रमण की जानकारी मिली तो शुक्रवार को जेडीए की प्रतर्वन टीम और जोन-10 का राजस्व व तकनीकी स्टाफ मौके पर पहुंचा। इसके बाद जेडीए टीम ने यहां कार्रवाई करके इस बेशकीमती 250 बीघा सरकारी जमीन पर पुनः कब्जा लिया। इसके अलावा जोन-14 में सांगानेर स्थित ग्राम वाटिका में मालियों की ढाणी गुलमोहर गार्डन कॉलोनी के पास करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बसाई जा रही कॉलोनी को भी ध्वस्त किया। काश्तकार ने ना तो भू-रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली। यहां पर रातोंरात सड़क, प्लॉट्स की मुड्डिया व बाउंड्रीवाल बनाकर कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। इसी प्रकार ग्राम जयचन्दपुरा चाकसू में केडिया स्कीम एल ब्लॉक के पास, करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर भी इसी तरह ''रिद्दी-सिद्दी-8'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी, जिसे टीम ने ध्वस्त किया।



# आमजन की सहूलियतों में वृद्धि राज्य सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

- **स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकायों में आधारभूत विकास कार्य समय से हों पूरे**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के नगर निकायों में आधारभूत विकास कार्यों के माध्यम से आमजन की सहूलियतों में वृद्धि राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की नगरीय निकायों से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं का धरातल पर समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन किया जाए, जिससे विकसित राजस्थान की संकल्पना साकार हो सके।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त सुगम यातायात के लिए प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की कार्ययोजना को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के तहत 300 सीएनजी बसों के संचालन के लिए जरूरी कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 अहम योजना है, इसकी निरंतर समीक्षा करते हुए जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना मेहनतकश व्यक्ति के लिए मददगार साबित हो रही है, इस योजना के तहत चरणबद्ध किश्तों को समय से जारी कर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सदैव सुनिश्चित रहे, साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए एवं समय-समय पर इन रसोइयों का औचक निरीक्षण भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत 2.0 के तहत शहरी निकायों में जलापूर्ति, सिवरेज, जल निकायों के जीर्णोद्धार कार्यों में गति लाई जाए, जिससे आमजन लाभान्वित हो सके। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, यूज्ड वाटर मैनेजमेंट एवं सैनिटेशन कार्यों की समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि इन्हें समय से पूरा किया जाए। उन्होंने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से पात्र व्यक्ति को इस योजना से लाभान्वित किया जाए।

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना के तहत पेयजल, सिवरेज, ड्रेनेज एवं शहरी सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विकास कार्यों को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने सफाई मित्र सम्मान योजना को शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, निदेशक स्थानीय निकाय कुमार पाल गौतम, आयुक्त नगर निगम ग्रेटर रूक्मणि रियार, आयुक्त नगर निगम हैरिटेज अरूण कुमार हसीजा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ''सरस आईसक्रीम'' अब मोबाइल रिक्शा से आमजन तक पहुंचेगी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल रिक्शा (आइस क्रीम ऑन व्हील्स) के माध्यम से सरस आइसक्रीम की बिक्री शुरू की है।

इस सेवा का शुभारंभ शुक्रवार को जयपुर डेयरी प्रांगण में हुआ, जहां आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया और प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने इन मोबाइल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारद्वाज ने आइसक्रीम ऑन व्हील्स की बनावट, आकर्षक डिज़ाइन और आइसक्रीम की उच्च गुणवत्ता के लिए जयपुर डेयरी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि हमेशा की तरह सरस जयपुर डेयरी की यह पहल भी उपभोक्ताओं की कसौटी पर खरी उतरेगी। उन्होंने अध्यक्ष ओम पुनिया और प्रबंध संचालक मनीष फ़ौजदार की नये नये नवाचारों के लिए विशेष सराहना की।

जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को विभिन्न स्थानों पर सरस ब्रांड की आइसक्रीम आसानी से उपलब्ध होगी। इन मोबाइल रिक्शा के माध्यम से उपभोक्ताओं को कई वेरिएंट्स में आइसक्रीम दी जाएगी, जिनमें वैनिला, मैंगो, बटरस्कॉच, अमेरिकन नट, शुगर फ्री, चॉकलेट, कोन, और केसर पिस्ता शामिल हैं।

सरस आइसक्रीम की खासियत है इसका उच्च गुणवत्ता वाला स्वाद हर उम्र के लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।



आर.सी.डी.एफ. प्रशासक और प्रबंधक संचालक श्रुति भारद्वाज ने शुक्रवार को जयपुर डेयरी प्रांगण में ''सरस आइसक्रीम ऑन व्हील्स'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# ट्रेन में यात्रियों के बैग से सोना चुराने वाले तीन बदमाश दबोचे

- **पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रु. के जेवर बरामद किए हैं।**

**जयपुर** । जीआरपी थाना पुलिस ने ट्रेनों में चढ़ने के दौरान उनके बैग्स से गोल्ड ज्वैलरी चुराने वाली तीन दो महिलाओं सहित तीन बदमाशों को पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने 13 लाख रुपए से अधिक की गोल्ड ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाले रास्तों के और अन्य भवनों के सीसीटीवी की मदद से बदमाशों को पकड़ा है।

थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि ट्रेनों में बढ़ती चोरी की वारदातों को रोकने के लिए एक एक्शन प्लान बनाया गया। इसी के तहत पूर्व में दर्ज मामलों की जांच करते हुए बदमाशों की खोज शुरू की गई। 28 नवम्बर को पूजा कंवर निवासी गोगामेडी ने मामला दर्ज करवाया कि था कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी ने उसके बैग से सोने के जेवरात पार कर लिए। ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक महिला मुझे संदिग्ध काम करती नजर आई थी। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। उसके पर्स में करीब 13 लाख रुपए के जेवरात रखे थे। घटना ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन की है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया इस मामले में मूलतः गुजरात हाल हरमाडा निवासी तीस वर्षीय किरण उर्फ बबलू पत्नी रवी उर्फ सूरज, भैरु जी का मंदिर रैगर कॉलोनी बैनाड निवासी तीस वर्षीय भारती और बापू नगर कच्ची बस्ती विद्याधर नगर निवासी नवीन को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धमकी गंभीर विषय : जूली

**जयपुर**। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि केन्द्र व राज्य में भाजपा का राज है और संसद के शीतकालीन सत्र के चलते दिल्ली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली है। जो कि बहुत गंभीर और चिंताजनक विषय है।

जूली ने कहा कि भाजपा राज में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में आम आदमी की सुरक्षा पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। जूली ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य कि बात है कि सत्तारूढ़ पार्टी अध्यक्ष को अपनी सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग करनी पड़ रही है।

# खेत में महिला के 2.50 लाख के आभूषण लूटकर बदमाश फरार

## बदमाशों ने अकेली महिला को बंधक बनाकर लूट की वारदात की

**माण्डलगढ़, (निसं)।** पुलिस की गश्त व्यवस्था धत्ता बताकर बदमाशों ने दिन दहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया है। मांडलगढ़ के काछोला कस्बे में अज्ञात बदमाशों ने खेत कर काम कर रही महिला के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। महिला को बंधक बनाकर बदमाश करीब ढाई लाख राशि के सोने के आभूषण लूट कर फरार हो गए। इस वारदात की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई।

काछोला निवासी पीड़ित महिला लाडदेवी तेली ने बताया कि वह खेत पर अकेली कपास चुनने का काम कर रही थी। इस दौरान पीछे से अचानक बदमाश आ गये और महिला की आंखों पर चुन्नी लपेट कर नीचे गिरा दिया, बदमाशों ने महिला के नाक, कान और गले में पहने करीब तीन तोला सोने के आभूषण झटक लिए। इस घटना से महिला के कानों से खून निकलने लग गया और मौक़े पर ही बदहवास हो गई। वारदात की सूचना मिलने पर काछोला थाना पुलिस और पीड़ित महिला के परिजन मौक़े पर पहुंचे। पीड़ित महिला को काछोला के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। काछोला थाना पुलिस महिला के बयान के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।



काछोला में महिला के साथ लूट के बाद बदहवास होने पर महिला का अस्पताल में उपचार कराया।

- **बदमाशों ने महिला की आंखों पर चुन्नी लपेटकर गहने लूटे**

ग्रामीणों का आरोप है कि काछोला थाना पुलिस का बदमाशों में ख़ौफ़ नजर नहीं आ रहा है, जिससे आए दिन आपराधिक वारदातें बढ़ती जा रही है।

काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि काछोला-राजगढ़ मार्ग पर खेत में काम कर रही लाड देवी के साथ हुई लूट की वारदात को गम्भीरता से लेकर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, पीड़ित महिला ने रिपोर्ट थाने में दी है। वारदात के बाद इलाके में नाकाबंदी कराई गई है। महिला द्वारा बदमाशों का हुलिया नहीं पहचानने के कारण भी बदमाशों तक पहुंचने में परेशानी हो रही हं।

# सूने मकान से लाखों के जेवर सहित सामान चोरी

## पीड़िता अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने गई थी



चोरी वारदात के बाद वृद्धा ने जानकारी दी।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सर्दी के साथ ही चोरों ने अपनी दस्तक देना शुरू कर दिया है। चोरों ने जैन मंदिर के पीछे गणपति प्लाजा के सामने एक सूने मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मकान से रुपए और सोने-चांदी के लाखों रुपए के गहने चोरी कर लिए।

पीड़िता लीला देवी पत्नी प्रकाशचंद शर्मा ने बताया कि वह यहां अकेली रहती है और उसके बेटे और बहू जयपुर में रहते हैं। उसकी भतीजी की शादी थी, इसके चलते वह 23 नवंबर को मकान का ताला लगाकर भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए शहर के पास ही उघाडमल बालाजी गई थी। इस दौरान चोरों ने मौका देखकर मकान के ताले तोड़ दिए। चोरों ने कमरों के भी ताले तोड़ दिए और कमरों में रखे सामान को खंगालकर इधर-उधर बिखेर दिया। इस दौरान चोर मकान से 1500 रुपए पानी की मोटर, सिलेंडर, दो अंगूठी सोने की और एक चांदी की अंगूठी, 14 चांदी के कलदार, एक तांबे का लोटा और आधा किलो चांदी के अन्य गहने सहित करीब पांच लाख का सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह जब वह शादी से लौटकर घर आई तो कमरों का ताला टूटा हुआ और कमरों में रखा सामान बिखरा हुआ मिला, जिस पर उसे चोरी का अंदेशा हुआ।

# रींगस से खाटूश्यामजी व सालासर धाम रेलवे लाइन के विस्तार पर चर्चा

**चूरू।** चूरू सांसद राहुल कस्वां ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सांसद कस्वां ने रेल मंत्री को बताया कि खाटूश्यामजी और मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित सालासर धाम धार्मिक आस्था के बड़े केन्द्र हैं, जहां करोड़ों भक्त दर्शनार्थ आते रहते हैं।

सांसद कस्वां ने रेल मंत्री को बताया कि रींगस से खाटू श्यामजी होते हुए सालासर धाम तक नई रेलवे लाइन बिछाने का कार्य होना है, जिसकी डीपीआर कार्य चल रहा है। चूंकि सालासर आकर यह मार्ग बंद हो जायेगा, जिसके चलते आगे की कनेक्टविटी नहीं होने से इस मार्ग का व्यापक लाभ नहीं मिल पायेगा। अतः इस मार्ग निर्माण के कार्य को विस्तारित कर सुजानगढ़ तक किया जाना अति आवश्यक है, जिससे इन दोनों धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी ओर भी बेहतर हो सके। यह मार्ग सुजानगढ़ से जुड़ते ही लाखों करोड़ों भक्तों के लिए सुगम हो जायेगा और बीकानेर, दिल्ली, श्रीगंगानगर व जोधपुर रूट से आने वाले भक्तों को काफी लाभ मिलेगा। अतः रींगस से खाटू श्याम जी, सालासर धाम तक बनने वाले नवीन रेल मार्ग का विस्तार कर सुजानगढ़ तक किया जाये।

साथ ही सांसद कस्वां ने सुझाव दिया कि इस मार्ग को धार्मिक सर्किट के रूप में भी विकसित किया जा सकता है, जिसके तहत्त देशनोक, मुकाम जैसे बड़े धार्मिक स्थलों को शामिल कर रेल सुविधाओं के माध्यम से करोड़ों भक्तों को लाभान्वित किया जा सकता है। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र सहित हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर व हरियाणा राज्य के अनेकों नागरिक रोजगार व व्यापार के चलते पुणे व आसपास के क्षेत्र में आवागमन करते रहते हैं। पिछले काफी समय से इनके द्वारा श्रीगंगानगर या हिसार से सीधी गाड़ी की मांग की जाती रही है।



चूरू सांसद राहुल कस्वां ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।

रेल मंत्रालय द्वारा कुछ ट्रिप के लिए हिसार-पुणे गाड़ी चलाई गई है, जिसमें भरपूर यात्री भार मिला है। अब इस गाड़ी को नियमित रूप से चलाने की मांग आमजन द्वारा की जा रही है। इस गाड़ी के संचालन से आमजन तो लाभान्वित होगा ही, साथ ही साथ रेलवे को भी आर्थिक रूप से लाभ होगा। अतः क्षेत्रवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए हिसार-पुणे एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन नियमित किया जाये। रेलमंत्री ने सांसद कस्वां को इन मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

सांसद कस्वां ने बताया कि रींगस से खाटू श्याम जी-सालासर धाम रेल मार्ग की डीपीआर का काम लगभग अंतिम चरण में है। चूंकि यह मार्ग सालासर में यह मार्ग बंद हो जायेगा तो इसका पूरा लाभ मिल नहीं पायेगा। इसी बात को लेकर हमने लगातार प्रयास किया है और कर रहे हैं कि यह मार्ग सुजानगढ़ तक कनेक्ट हो ताकि बीकानेर, दिल्ली, श्रीगंगानगर व जोधपुर रूट भी हमारे इन धार्मिक स्थलों से सीधा जुड़ जाए। मंत्री ने भी हमारी इस बात को प्रमुखता से लिया है।

# दहेज नहीं देने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया

**नदबई, (निसं)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन समीप मीना कॉलोनी निवासी विवाहित महिला ने दहेज में एक लाख की नकदी सहित बाइक मांगने व दहेज नहीं देने पर नवजात बच्ची के साथ विवाहिता महिला को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए अपने पति सहित ससुरालजनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार कस्बा निवासी कश्मीरा कोली पुत्री महेन्द्र सिंह की करीब तीन साल पहले हिण्डौन थाना क्षेत्र के गांव महूखास निवासी सौरभ कोली से शादी हुई थी। शादी के बाद ससुरालजन दहेज में एक लाख की नकदी सहित बाइक की मांग करते हुए विवाहित महिला को प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित महिला का आरोप है कि, तीन नवम्बर को आरोपी पति सौरभ कोली मारपीट कर नवजात बच्ची के साथ पीड़ित महिला को नदबई रेलवे स्टेशन पर छोड़ गया। बाद में पीड़ित महिला ने अपने पति सौरभ कोली सहित ससुर रघुवीर कोली पुत्र नत्थीलाल, सास कमला देवी, देवर विकास कोली व सागर कोली, चचिया ससुर पूरन कोली व बलवीर कोली, चचिया सास सुनीता पत्नी बलवीर कोली व दादा ससुर नत्थीलाल कोली के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

# '800 साल पहले दरगाह में कच्ची कब्र थी तो उसके नीचे मंदिर कैसे हो सकता है?'

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावे करने वाली कोर्ट में दायर याचिका के बाद शुक्रवार को पहली बार ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ने मीडिया के समक्ष अपना रखा। उन्होंने कहा कि 800 साल पहले दरगाह में कच्ची कब्र थी तो उसके नीचे मंदिर कैसे हो सकता है? उन्होंने मामले में दायर याचिका में दरगाह कमेटी सहित अन्य तीन को पक्षकार बनाने पर भी सवाल उठाए। दरगाह दीवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस मामले पर कोर्ट में कानूनी तरीके से जवाब देंगे।

जानकारी के अनुसार अजमेर पश्चिम सिविल जज कोर्ट में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे वाली दायर याचिका के बाद देशभर में सियासी बवाल मच गया है। तो वहीं ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता का आयोजन कर पहली बार अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मामले में अब विरोधाभास बना हुआ है, क्योंकि भ्रांति वाले बयान दिए जा रहे हैं, इसलिए प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की गई है, ताकि विरोधाभास वाले बयानों पर अंकुश लग सके और जो सच्चाई है वह आमजन तक पहुंच सके।

दरगाह दीवान आबेदीन ने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह का 800 साल का इतिहास है। उन्होंने कहा कि जब गरीब नवाज का एक्ट 36/1955 गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया पास कर रही थी उससे पहले 1950 के अंदर गवर्नमेंट आफ इंडिया ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के सिटिंग जज जस्टिस गुलाम हसन की अध्यक्षता में एक आयोग बनाया गया था। इसमें दरगाह के माल एडमिनिस्ट्रेटिव को लेकर जांच की गई। उन्होंने यहां आकर पूरी जानकारी ली खोजबीन की और जानकारी जुटाने के साथ ही डॉक्यूमेंट भी देखे गए, जो उन्होंने सर्वे की रिपोर्ट सब्मिट की वह गवर्नमेंट आफ इंडिया के पास है।

- **दरगाह दीवान ने कोर्ट में दायर दरगाह में मंदिर के दावे पर अपना पक्ष रखा**
- **दरगाह दीवान ने मामले में दायर याचिका में दरगाह कमेटी सहित अन्य तीन को पक्षकार बनाने पर भी सवाल उठाए**

दीवान आबेदीन ने कहा कि 800 साल पहले सब कुछ कच्चा था। गरीब नवाज अजमेर आए थे, तब उस समय में कच्चा मैदान था। दुनिया से रुखसत के बाद उनकी कब्र थी। अब खुद अंदाजा लगा सकते हैं, जहां कब्र होगी वह भी कच्ची, 150 साल तक मजार भी कच्चा रहा वहां बिल्कुल भी पक्का निर्माण नहीं था तो उसके कब्र के नीचे मंदिर कहां से आ सकता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी संभल मामले को लेकर जो आदेश दिए है, उसे लेकर धन्यवाद देता हूं और लोगों से अपील करता हूं कि हम लोग शांति बनाए रखें और अपनी ओर से ऐसा कोई काम नहीं करें जिससे विरोधाभास पैदा हो, हमारे पास लीगल अधिकार है, हम कोर्ट में जाएं और हमारी बात को कोर्ट ने आज माना भी है।

दरगाह दीवान ने कहा कि जिस किताब को आधार बनाकर दरगाह में मंदिर को लेकर विवाद किया जा रहा है, उसमें साफ-साफ लिखा है कि ऐसा कहा जाता है, ऐसा सुना जाता है। बाकी जो भी वादी को कहना है, वह कोर्ट में कह चुका है। हम कोर्ट में कानूनी तौर पर इसका जवाब देंगे। दीवान आबेदीन ने कहा कि अजमेर दरगाह को लेकर जो विरोधाभास पैदा हुआ है। हरविलास शारदा की किताब 1910 में लिखी गई। किताब का री एडिशन 1920 हुआ था, 1940 में भी वापस हुआ था। पेज नंबर 92 पर क्लियर शब्द लिखे हुए है। पहली बात हरविलास शारदा हॉस्टोरियल नहीं है। वह एक एजुकेटेड आदमी थे। उन्होंने अपनी नॉलेज के हिसाब से जो उनकी जानकारी में आई उस वक्त 1910 में किताब में क्लियर लिखा हुआ है कि ऐसा कहा जाता है, ऐसा सुना जाता है, ट्रेडिशनल शेष, इसी वर्ड के ऊपर मैं आ रहा हूं। बाकी जो वादी को कहना है वह उसने कोर्ट में कह दिया। लीगल वेव में कोर्ट के अंदर इसका जवाब देंगे।

खादिमों की संस्था अंजुमन के सचिव सैय्यद सरवर चिश्ती ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा कि जो लोग ख्वाजा साहब की दरगाह में मंदिर होने का झूठा दावा कर सिर्फ विवाद फैलाना चाहते हैं, देश का माहौल खराब कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते है। चिश्ती ने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भावा का संदेश जाता है, सभी जाति धर्म के लोग ख्वाजा साहब में अपनी आस्था रखते हैं। यही वजह है कि दरगाह में प्रतिदिन आने वाले जायरीन की तादाद में हिंदू समुदाय के लोगों की संख्या अधिक होती है।

# ट्रंप की सहयोगी टीम के सदस्य बने सौरभ जांगिड़



सौरभ जांगिड़ को अमेरिका राष्ट्रपति की सहयोगी टीम का सदस्य बनाया।

**नवलगढ़, (निसं)।** नवलगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ के दोहिते सौरभ जांगिड़ अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी टीम के 10 सदस्यों में शामिल किए गए। सौरभ अमेरिका में कई वर्षों से डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी के सदस्य बनकर उनके सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे है। इस बार उनकी कार्यकुशलता देखते हुए उनकी संक्रमण टीम के 10 लोगों में शामिल किया गया है।

राष्ट्रपति संक्रमण वह प्रक्रिया है, जिसके दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका का निर्वाचित राष्ट्रपति वर्तमान राष्ट्रपति से संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार का प्रशासन संभालने की तैयारी करता है। संक्रमण में गैर वर्तमान उम्मीदवारों द्वारा नियोजन को पूरा करने के लिए एक संक्रमण टीम शामिल होती है। इसमें कई गतिविधियां शामिल होती है। जैसे कि नए प्रशासन के पदों के लिए उम्मीदवारों की जांच करना, आने वाले प्रशासन को कार्यकारी शाखा के संचालन में परिचित कराने में मदद करना व एक व्यापक नीति मंच विकसित करना।

जानकारी के अनुसार सौरभ जांगिड़ के पिताजी नारनौल निवासी है। वे अमेरिका में बीस वर्षों से सॉफ्टवेयर इंजीनियर का कार्य कुशलता से निभा रहे हैं। सौरभ जांगिड़ की माताजी शालिनी जांगिड़ पोदार कॉलेज की मेधावी छात्रा रही है और बीडीएम में राजस्थान यूनिवर्सिटी मे टॉपर लिस्ट रही थी।

# हादसे में वृद्ध महिला की मौत

**करौली, (निसं)।** रास्ता चलते समय एक मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मारकर वृद्ध महिला की मौत करने का परिवारजन ने आरोप लगाया। मृतक वृद्ध महिला के पुत्र रामधन माली निवासी कल्लापुरा खूब नगर ने बताया कि उसकी वृद्ध मां सूकीदेवी पत्नी स्व. बुद्धू लाल माली सांकरा मोड़ से भीकमपुर ढहर में अपनी बेटी से पैदल पैदल मिलने जा रही थी। सामने से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मां की मौत हो गई। पुत्र ने बताया कि मां को चिकित्सालय करौली लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर पोस्टमार्टम किया।

# मादक पदार्थ तस्करी को लेकर पुलिस ने तलाशी अभियान छेड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और रोकथाम को लेकर अलसुबह सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर एक साथ तीन सौ पुलिस कर्मियों के साथ जिला पश्चिम में दबिश दी। पुलिस ने होटल, ढाबे और किराणा या परचून की दुकानों की आड़ में मादक पदार्थ बेचने वालों की पहचान की और तलाशी अभियान छेड़ा। पुलिस ने 50 लोगों को डिटेन करने के साथ ही दो आर्म्स एक्ट, दो एनडीपीएस के प्रकरण बनाए। एनडीपीएस एक्ट के तहत फिलहाल पुलिस को गांजा मिला है। साथ ही एक स्थान से दो किलो चांदी जब्त की।

डीसीपी पश्चिम राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि जिला पश्चिम के देवनगर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, लूणी, झंवर आदि क्षेत्रों में तीन सौ पुलिस कर्मियों की टीमों का गठन करते हुए मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमों ने संदिग्ध 50 लोगों को डिटेन करने के साथ पूछताछ आरंभ की है। डीसीपी वेस्ट वर्मा ने बताया कि एक स्थान से पुलिस को दो किलो चांदी भी मिली है, फिलहाल संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उसे जब्त किया गया है।

डीसीपी पश्चिम के अनुसार एक दिसम्बर को जिला पश्चिम में पुलिस की तरफ संकल्प मिशन छेड़ा जाएगा। जिसमें सामाजिक अधिकारिता विभाग, डॉक्टर्स सहित स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेकर यह अभियान चलाया जाएगा।

# पशुपालन शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कार्यालयों का निरीक्षण किया

## डॉ. समित शर्मा ने अच्छा कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**जयपुर।** डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग ने शुक्रवार को अपने सीकर प्रवास के दौरान जिले की पशु चिकित्सा संस्थाओं, प्रयोगशालाओं तथा जिला स्तरीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रातः नौ बजे ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस पलसाना का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अनुपस्थित पाए गए लैब असिस्टेंट को डॉ. शर्मा ने निलम्बित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालय में साफ सफाई, व्यवस्था तथा सामान व उपकरण के संधारण एवं अनुपयोगी समान के निस्तारण नहीं किये जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए इन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक पलसाना में स्थापित मोबाइल वेटरनरी यूनिट के पशु चिकित्सक व पशुधन सहायक उपस्थित मिले, परंतु एमवीयू का वाहन चालक नदारद पाया गया। बार-बार निर्देश के उपरांत भी मोबाइल यूनिट का वाहन 9:20 बजे तक ब्लॉक कार्यालय पर नहीं लाया गया। इस पर शासन सचिव डॉ. शर्मा ने निदेशक पशुपालन एवं योजना प्रभारी को सेवा प्रदाता कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। बाद में डॉ. शर्मा ने जिला संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, सीकर कार्यालय परिसर में संचालित जिला कार्यालय, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, सीकर तथा जिला रोग निदान प्रयोगशाला का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन कार्यालयों में पदस्थापित कार्मिकों में से छह कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। डॉ. शर्मा ने समय पालन के संबंध में उक्त कार्मिकों की वस्तुस्थिति के बारे में विश्लेषण कर मौके से ही अनुपस्थित पाए गए सभी कार्मिकों को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए।



डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग ने सीकर प्रवास के दौरान कार्यालयों का निरीक्षण किया।

- **शर्मा ने काम में कोताही बरतने वालों के निलम्बन के दिये निर्देश**

निरीक्षण के दौरान शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में नव पदस्थापित पशु चिकित्सकों का दी जा रही हैंडस ऑन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का अवलोकन करते हुए अधिकारियों की प्रशंसा की। जिला कार्यालय के गोपालन प्रकोष्ठ तथा जिला रोग निदान प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए गोपालन प्रकोष्ठ में साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था सहित समस्त फर्नीचर व अन्य सामान सुव्यवस्थित पाये जाने पर शासन सचिव ने कार्यालय की सुव्यवस्था हेतु सराहना की। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने सीकर मुख्यालय पर पदस्थापित डॉ. अंजन बल को पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक सीकर में उत्कृष्ट उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु, डॉ. वीरेंद्र शर्मा को उत्कृष्ट रोग निदान सेवाएं प्रदान करने हेतु तथा डॉ. दिनेश कुमार खीचड़ को गोपालन विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसी प्रकार उत्कृष्ट विभागीय कार्य के लिए आज जिला कार्यालय झुंझुनू में बीवीएचओ अलसीसर के डॉ. अनिल कुमार को विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु, चिड़ावा के डॉ. राजेश सिंगला को स्मॉल एनिमल ट्रीटमेंट तथा अन्य विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु, सिंघाना के डॉ. मांगेलाल जांगिड़ को सर्जिकल प्रोसीजर्स हेतु और आबूसर के डॉ. जयपाल फोगाट को गायनेलॉजिकल प्रासीजर्स के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



जब बल्ले पर गेंद आती है तो वह सबसे अच्छी फीलिंग होती है। मैं इसी के लिए खेलता हूं मैं चोट लगने के बाद शुरुआत कुछ दिनों तक निराश था। - शुभमन गिल

भारतीय बल्लेबाज, अपनी चोट से उभरने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## हार्दिक पांड्या



**हार्दिक पांड्या** ने बाएं हाथ के स्पिनर परवेज सुल्तान के एक ओवर में 28 रन और पांच छक्के जड़कर अपनी शानदार बल्लेबाजी फॉर्म जारी रखी जिससे बड़ौदा ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में त्रिपुरा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। महज 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने हार्दिक के 23 गेंद में 47 रन की मदद से सिर्फ 11.2 ओवर में इसे हासिल कर लिया। इससे पहले उनके बड़े भाई कृणाल पंड्या ने नयी गेंद से 22 रन देकर दो विकेट झटके। मैदान में बैठे दर्शकों का हार्दिक ने पूरा मनोरंजन किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेबु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान ने मेघालय को हराया

जयपुर, 29 नवंबर। राजस्थान के प्रतिभावान विकेट कीपरव सलामी बल्लेबाज भारतशर्मा के शानदार नाबाद आतिशी पारी, शुभम गढ़वाल की ताबड़तोड़ पारी व कमलेश नागरकोठी, अनिकेत चौधरी, राहुल चाहर व महिपाल लोमरोर की गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने आज राजकोट में बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के खेले गए मैच में मेघालय को 9 विकेट से हराया। राजस्थान के लिए अनिकेत चौधरी , कमलेश नागरकोठी, राहुल चाहर व महिपाल लोमरोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मेघालय टीम को मात्र 91 रनो के स्कोर पर पवेलियन लौटाया। टीम के लिए कमलेश नागरकोठी14 / 3 , अनिकेत चौधरी 18 / 3 , राहुल चाहर 12 / 2 व महिपाल लोमरोर 8 / 1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान टीम के प्रतिभावान विकेटकीपर व सलामी बल्लेबाज भारत शर्मा ने लगातार दूसरे मैच में शानदार नाबाद पारी व शुभम गढ़वाल की ताबड़तोड़ नाबाद पारी की सहायता से राजस्थान ने मेघालय के विरुद मात्र 9 . 1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 92 रनो के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए टीम को 9 विकेट से जीत दिलाई।टीम के लिएभारत शर्मा नाबाद 48 रनोकी पारी में 28 गेंदों का सामना किया व 2 छक्के व 6 चोक्केलगाते हुए दूसरे विकेट के लिए शुभम गढ़वाल के साथ नाबाद 46 रनो की साझेदारी करते हुए टीम को 9 विकेट से जीत दिलाई, शुभम गढ़वाल ने ताबतोड़ नाबाद 24 रनो के पारी खेली जिसमे उन्होंने 12 गेंदों का सामना किया व 2 छक्के व 2 चोक्के लगाए। अभिजीत तोमर 18 रनो का योगदान दिया।

## राजस्थान ने मध्यप्रदेश को 8 विकेट से हराया

### धृति माथुर की अर्द्धशतकीय पारी

जयपुर, 29 नवम्बर। पुणे में खेली जा रही राष्ट्रीय अंडर 15 एक दिवसीय ट्रॉफी के मैच में राजस्थान ने मध्य प्रदेश को 8 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश टीम राजस्थान की गेंदबाजों के सामने निर्धारित 35 ओवर में 118 रन ही बना सकी। राजस्थान की गेंदबाज प्रीति कसाना 20 / 3 , पलक 14 / 2 व माहिरा 17 / 1 विकेट प्राप्त किये।राजस्थान की फील्डर्स ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए मध्य प्रदेश की 4 खिलाडियों को रन आउट किया। लक्ष्य को राजस्थान टीम ने सलामी बल्लेबाज धृति माथुर की शानदार अर्धशतकीय पारी व गौरवीखंगारोत , काव्या बिश्नोई व सरिता की उपयोगी पारियों की सहायता से 2 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनातेहुए टीम को जीत दिलाई।टीम के लिए धृति माथुर नाबाद 69 रनो की पारी खेली व गौरवी खंगारोत 18, काव्या बिश्नोई 12 व सरिता नाबाद 13 रनो का योगदान देते हुए टीम कोजीत दिलाई।

### पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग

## आँच हॉस्पिटल एवं शॉल्टर एंड नी क्लीनिक सेमीफाइनल में


जयपुर, 29 नवंबर। लीग आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आज बॉयज वर्ग में लीग मैचेज हुए। केडिया हॉस्पिटल ने शर्मा डायग्नोस्टिक को हराया। लीग मैचेज की समाप्ति पर लिपि लेजेंड्स,केडिया होटशॉट्स, आँच टाइटन और शॉल्डर एंड नी सर्जरी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज सेमीफाइनल मैचेज होंगे। लीग कॉर्डिनेटर डॉ निधि पूनोया ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में क्वार्टर फाइनल मुकाबले में यूरो शूटर्स और जयपुर नुक्लेअर इमेजिंग दोनों ने टाई में 2-2 मैच जीत लिए हैं। निर्णायक मुकाबला अभी बाकी है। इसके अलावा ओपन वर्ग में मुकाबले हुए। अंडर 30 आयु वर्ग में जीतू ने सौरभ को हराया। अन्य मुकाबले में अंशिका यादव ने जीतू को हराया। ओवर 30 आयु वर्ग में डॉ अभिषेक सेतिया ने डॉ डॉ संजीव चौधरी को हराया। डॉ श्रवण यादव ने डॉ मुकेश भामू को हराया। ओपन मिश्रित युगल में जीतू और साक्षी की जोड़ी ने भानु और राधिका की जोड़ी को हराया। अन्य मुकाबले में अंशिका/मुकेश की जोड़ी ने जीतू/साक्षी को हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ दिलीप गुप्ता ने बताया किजोड़ी ऑफ ईयर दबंग के मुकाबले में विदिशा प्रधान/उत्कर्ष प्रधान ने प्रियंका/अंकुर मंगल को हराया। इसी वर्ग के मलंग जोड़ी मुकाबले में कुसुम/सुभाष कुमावत ने आरती/अनुज जैन को हराया। निमिषा/भानु ने निष्ठा/अभिषेक को हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ अजीत जैन ने बताया कि दबंग जोड़ी मुकाबले में डॉ रवि/डॉ संजीव की जोड़ी ने डॉ देवेश/डॉ विष्णु को हराया। अलंग जोड़ी मुकाबले में डॉ देवेश/डॉ अखिल ने डॉ विशाल/डॉ रजत और डॉ मोहित/डॉ अंकुर को अलग अलग मुकाबलों में हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बीसीसीआई ने टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च की

मुंबई, 29 नवम्बर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च की। इस दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी मौजूद थीं। यह जर्सी मशहूर जर्मन स्पोर्ट्सवियर कंपनी एडिडास ने बनाई है। टीम इंडिया की पिछली जर्सी पूरी तरह नीली थी और कंधे पर एडिडास की तीन पट्टियां थीं। इस बार शोल्डर पर एडिडास की तीन पट्टियों को तिरंगे का शेड दिया गया है। इस जर्सी का नीला रंग पिछली जर्सी की तुलना में थोड़ा हल्का है लेकिन साइड्स में इसे गहरा रंग दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नई जर्सी का वीडियो एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

### चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत सरकार का बड़ा बयान, भारतीय टीम पाक नहीं जायेगी

# भारत-पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैम्पियंस ट्रॉफी की चमक फीकी



नई दिल्ली, 29 नवम्बर। चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आईसीसी की आज अहम बैठक कर रही है। जिसमें अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुक्य चर्चा करने वाली है तो दूसरी ओर भारत सरकार की ओर से पहली बार पूरे मामले पर बयान आया है। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है कि वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा।

पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। आईसीसी के फैसले से ठीक पहले भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक लाइन में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ-साफ लहजे में कहा कि, बीसीसीआई ने बयान जारी किया है।

बोर्ड के अनुसार, पाकिस्तान में सुरक्षा संबंधित दिक्कते हैं, इसलिए टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। हम इसी पर कायम हैं। इस बीच आईसीसी के सदस्य पीसीबी को ये समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे अहम बात ये है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा।

वहीं इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि, इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेगें। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक जियो स्टार ने पहले ही आईसीसी के टॉप अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में आखिरी निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है।

आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन ये समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है। सबसे अहम बात ये है कि इससे बडे पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरान नहीं किया है जिसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

## आईपीएल के बाद अब महिला प्रीमियर लीग ऑक्शन की बारी



नई दिल्ली, 29 नवम्बर। महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन की शुरुआत अगले साल 23 फरवरी से होने वाली है। वहीं आगामी टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की मिनी नीलामी अगले महीने 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। इसके लिए बीसीसीआई ने लीग की पांचों फ्रेंचाइजी को इससे जुड़ी वेन्यू और तारीख के बारे में इनफॉर्म कर दिया है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 23 फरवरी को महिला प्रीमियर लीग का आगाज होगा। मुकाबले दो शहरों बेंगलुरु और दिल्ली में खेले जाएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र से पहले मिनी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। नीलामी में 19 स्थान यानी 14 भारतीय और 5 विदेशी के लिए बोली लगेगी। जिसमें टीमें 16.7 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। हर टीम के पास 18 खिलाड़ी होते हैं और टीमें 15 करोड़ तक खर्च कर सकती हैं। हर स्क्वॉड में ज्यादा से ज्यादा 6 विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति है। रिटेंशन के बाद गुजरात जायंट्स के पास 4.4 करोड़ का अधिकतम पर्स है, जिसमें चार स्लॉट भरने हैं।



## हैरी ब्रूक के शतक से इंग्लैंड बड़े स्कोर की ओर

क्राइस्टचर्च, 29 नवंबर। हैरी ब्रूक (नाबाद 132) और ऑली पोप (77) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 319 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दिन का खेल समाप्त होने के समय हैरी ब्रूक(नाबाद 132) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 37) रन क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड ने कल के 319 के स्कोर से आज आगे खेलते हुए मात्र 29 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गवां दिये। ब्राइडन कार्स ने टिम साउदी (19) को आउट कर इंग्लैंड को नौवी सफलता दिलाई। इसके बाद ब्राइडन कार्स ने विलियम ओरूर्क (शून्य) को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया। ग्लेन फिलिप्स (58) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स और स्पिनर बशीर अहमद ने चार- चार विकेट चटकाए। गस ऐटकिंसन दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। भारत के लिए वर्ष 2018-19 में खेलने वाले तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कौल विदेश में खेलने का खुलासा करते हुए से कहा, मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी भी 3-4 साल का क्रिकेट बचा है। मैं अपने करियर की ऊंचाई पर छोड़ना चाहता था, जब मेरी फिटनेस और प्रदर्शन शीर्ष पर थे, ऐसे नहीं कि जब फिटनेस के कारण या प्रदर्शन नहीं करने की वजह से मुझे जाना पड़े। अगर आप मेरा 9-10 सालों का ग्राफ देखेंगे तो, मैंने सभी प्रारूपों में अच्छा किया है। तो मुझे लगता था कि यह छोड़ने का सही समय था। उम्मीद है मैं आगे बढूंगा जो भी मौक़ा मिले चाहे काउंटी क्रिकेट (इन गर्मियों में वह नॉर्थैंप्टनशायर के लिए तीन डिवीजन 2 चैंपियनशिप मैच खेले, जहां उन्होंने 29.84 की औसत से 13 विकेट लिए), हो या लीजेंड लीग हो, एमएलसी हो या और कुछ भी। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं यहां खेलना चाहता हूं। कौल ने भारत के लिए जून 2018 से फरवरी 2019 के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले।



# गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच में बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम



एडिलेड, 29 नवम्बर। ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी। गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है।

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया।

भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है। टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### अखिल भारतीय जीवन बीमा निगम खेल प्रतियोगिता

## सीईओ एंड एमडी ट्रॉफी पश्चिम क्षेत्र ने जीती



जयपुर, 29 नवम्बर। भारतीय जीवन बीमा निगम की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे आज शंतरज मे पुरुष वर्ग मे इन्टरनेशनल मास्टर दिनेश कुमार शर्मा ने ग्रांड मास्टर श्री राम झा को हरा कर पदक पर कब्जा किया वही महिला वर्ग मे ग्रांड मास्टर स्वाति घाटे ने किरण मनीषा मोहन्ती को हराकर चैंपियन बनी।नार्थ सेन्ट्रल जोन ने पुरुष वर्ग की टीम खिताब पर कब्जा किया वही महिला वर्ग मे वेस्ट जोन ने टीम चैंपियन बनी। बैडमिंटन महिला वर्ग मे लीना घापरे ने वर्धा दीक्षित को सीधे मुकाबले मे 2-0 से हराकर पदक अपने नाम किया वही पुरूष वर्ग मे प्रेम सिह चौहान ने उल्टफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन सिद्धार्थ जाखड को सीधे सेटो मे 21-9,21-18 हराकर विजेता बने। महिला वर्ग मे वेस्ट जोन व पुरुष वर्ग मे नार्थ जोन की टीम ने चैम्पियनशिप पर कब्जा किया।

## एसएफए चैम्पियनशिप 2024 : 293 स्कूलों के 11 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे

जयपुर, 29 नवंबर। पिछले साल के प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए एसएफए चैंपियनशिप 2024 दूसरे संस्करण के लिए जयपुर लौट रही है। जिसका आरम्भ शनिवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में किया जा रहा है। इस आयोजन में 293 स्कूलों के 3 से 18 वर्ष की आयु के 11,500 प्रभावशाली एथलीट शामिल होंगे, जो चार स्थानों पर 15 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस वर्ष, उभरते हुए एथलीटों को शहर भर में फैले कई प्रमुख स्थानों पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, जिसमें सवाई मानसिंह स्टेडियम जेपी स्केटिंग क्लब बैंक्ड ट्रैक, आरएसएससी ओएसिस शूटिंग रेंज और यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर शामिल हैं। इसके अलावा, इस साल एसएफए चैंपियनशिप में 293 स्कूल प्रतिनिधित्व करेंगे। इस साल चैंपियनशिप 4 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें जयपुर भर से प्रतिभागी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की तलाश करेंगे। चैंपियनशिप के बारे में बात करते हुए एसएफए चैंपियनशिप के संस्थापक सदस्य और सीओओ राजस जोशी ने बताया कि एसएफए चैंपियनशिप भारत भर में जमीनी स्तर के खेलों और युवा प्रतिभाओं का उत्सव है। इस आयोजन में सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा नहीं होती; यह हर बच्चे को खेल में उत्कृष्टता हासिल करने का अवसर देता है। इसके अलावा, इस साल के आयोजन में एसएफए चैंपियनशिप दो विशेष दिन का उत्सव मनाएगी। 3 दिसंबर को कोच डे मनाया जाएगा, जिसमें उनके योगदान का सम्मान और जश्न मनाया जाएगा।



## जयपुर की ईति चौधरी ने एमेच्योर श्रेणी में जीत दर्ज की



जयपुर, 29 नवम्बर। जयपुर की राष्ट्रीय खिलाड़ी ईति चौधरी ने हाल ही में दिल्ली की आर्मी गोल्फ क्लब में संपन्न हुए कप दिल्ली 2024 में एमेच्योर श्रेणी में जीत दर्ज करते हुए राजस्थान का नाम रोशन किया! ईति ने 25 नवंबर से 28 नवंबर तक चले टूर्नामेंट में अपनी दिल्ली की तनिष्ठा ध्यानी से 5 स्ट्रोक की बढ़त लेते हुए एमेच्योर कैटेगरी जीत हासिल की ! ईति चौधरी ने अपने जीत का श्रेय अपनी लग्न और अपने पिता मगन डूडी को दिया है ज़ो की ईति के कोच भी है ईति ने हाल ही में 2 अक्टूबर को कोयम्बटूर (तमिलनाडु) में आयोजित हुए राष्ट्रीय स्तर के गोल्फ टूर्नामेंट में भी जीत हासिल की थी ! ईति जयपुर के कनोडिया महिला कॉलेज की मनोविज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा है अपनी पढ़ाई में भी बहुत अच्छी है।

# राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट चैलेंजर टूर्नामेंट 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक जयपुर में




जयपुर, 29 नवंबर। राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) पैट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से जयपुर के प्रसिद्ध जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रतिष्ठित फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर टूर्नामेंट 2024 की मेजबानी करेगा। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से हो रहे इस नेशनल लेवल के टूर्नामेंट में देश भर के 56 शीर्ष दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो 20 सदस्यीय इंडियन नेशनल फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट टीम में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। चयनित टीम 14 जनवरी, 2025 से श्रीलंका में आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित फोर नेशंस क्वाड्रीलेटरल सीरीज़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जिसमें भारत, यूके, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें शामिल होंगी।

यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्वावधान में डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) और फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें आरडीसीए मेजबान संघ है। राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) की अध्यक्ष, ज्योत्सना चौधरी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "हम जयपुर में विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन असाधारण खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का एक रोमांचक प्रदर्शन होने का वादा करता है।

डीसीसीआई के सचिव रवि चौहान ने टूर्नामेंट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रोहित झालानी, हेड कोच ऑफ़ डिसेबल्ड इंडिया क्रिकेट टीम ने कहा, "यह टूर्नामेंट देशभर से चिन्हित 56 डिफ्रेंट्ली अबलेड क्रिकेटर्स के लिए एक मौका है इंडियन नेशनल फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट टीम में टॉप 20 में अपनी जगह बनाने का।

4 दिवसीय इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 लीग मैच के साथ एक फाइनल मैच खेला जायेगा। टी-20 टूर्नामेंट के रूप में यह मैच 4 टीम्स - इंडिया सीनियर्स, इंडिया ए, इंडिया बी और इंडिया सी के बीच खेले जायँगे जहाँ हर टीम 3-3 मैच खेलेगी। प्रतिदिन 2 मैच खेले जायँगे और 3 दिसंबर को फाइनल मैच होगा।

## लक्ष्य के और करीब सेन, सिंधु ने पकड़ी रफ्तार, प्रियांशु भी अंतिम चार में



लखनऊ, 29 नवंबर। सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में ओलंपियन पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को क्रमशः महिला एकल और पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में दो लाख 10 हजार अमेरिकी डालर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में एक अन्य पुरुष एकल मुकाबले में दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए। शुरुआती दो जीतों के बावजूद अपने खेल से संतुष्ट नजर नहीं आ रही शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया। विश्व रैंकिंग में 18वीं वरीय पीवी सिंधु ने चीन की 118वीं विश्व रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अच्छा खेल दिखाया। आज के मैच में उनका आत्मविश्वास साफ झलक रहा था जिसके चलते बेहतरीन स्मैश शॉट के सहारे जीत अपने नाम कर ली।

# एकतरफा मुकाबले में बालसमंद ने सरदार समंद को दस गोल से हराया



जोधपुर, 29 नवम्बर। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 25वें जोधपुर पोलो सीजन में आउट ऑफ दी हेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मैच में बालसमंद टीम ने सरदारसमंद टीम को पांच के मुकाबले पन्द्रह गोल कर दस गोल के अन्तर से आसान जीत दर्ज की। विजेता टीम के सभी तीनों खिलाडियों महेन्द्रसिंह जोधपुर, महेन्द्रसिंह जयपुर व योगेश्वर सिंह ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच की शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबदबा बनाए रखा। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 3.30०बजे खेले गये टूर्नामेंट के दूसरे मैच में बालसमंद टीम की ओर से खेलते हुए जोधपुर के महेन्द्रसिंह ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चैथे चक्कर में लगातार दो गोल किए। जयपुर के महेन्द्रसिंह ने भी दूसरे व तीसरे चक्कर में दो-दो व चैथे चक्कर में एक गोल किया। साथी खिलाडी योगेश्वरसिंह भांवरी ने पहले चक्कर में तीन तथा दूसरे व तीसरे चक्कर में एक गोल किया। इस टीम के तीनों ही खिलाडियों ने पांच-पांच गोल किए। मुकाबले में सरदारसमंद टीम की ओर से खेलते हुए विश्वराजसिंह ने पहले, दूसरे व चैथे चक्कर में एक-एक गोल व साथी खिलाडी पेपसिंह भलासरिया ने चैथे चक्कर में दो गोल किए। मैच के अम्पायर धनन्जयसिंह राठौड थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय घोषणाओं की समीक्षा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।*

# 'जयपुर को ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाने के लिए प्रभावी योजना बनायें'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने नगरीय विकास की समीक्षा में कलैक्ट्रेट सर्किल व गाँधीनगर मोड़ के लिये निर्देश दिये

- **मुख्यमंत्री ने बैठक में रिद्धी-सिद्धी फ्लायओवर, इमली वाला फाटक फ्लायओवर, सांगानेर में एलिवेटिड रोड, सिविल लाइन्स रोड ओवर ब्रिज, गॉल्फ क्लब पार्किंग, जयपुर मेट्रो विस्तार, रिंग रोड आदि की प्रगति की जानकारी ली।**
- **बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल, मुख्य नगर नियोजक सहित नगरीय विकास, विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती के भी निर्देश दिये गये।**

जयपुर, 29 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के लिए कहते हुए कहा कि बढ़ती आबादी के चलते जयपुर में यातायात भार लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र का ट्रैफिक प्रबंधन बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए, खासतौर पर कलैक्ट्रेट सर्किल और गांधीनगर मोड़ के लिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डाइवर्ज़न के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी विकास किया जाए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शहरी बुनियादी ढ़ांचे को विश्वस्तरीय बनाने एवं जनसुविधाओं को सशक्त एवं समावेशी बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को दी जा रही सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाया जाए तथा नगरीय विकास के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाए, ताकि शहरी विकास के नए आयाम स्थापित हो सके।

मुख्यमंत्री शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया और उन्होंने बजट में विभागीय घोषणाओं की समीक्षा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रिद्धी-सिद्धी फ्लाईओवर, इमलीफाटक फ्लाईओवर, सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलिवेटेड रोड, सिविल लाइन्स आरओबी, रामबाग गोल्फ क्लब पार्किंग की प्रगति की जानकारी ली तथा इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्यवती नदी का सौन्दर्यीकरण, आई.पी.डी. टावर के निर्माण, जयपुर मेट्रो के विस्तार, रिंग रोड़ के निर्माण, आर.ओ.बी. (रोड ओवर ब्रिज), आर.यू.बी. (रोड अंडर ब्रिज), सेक्टर रोड, ऐलिवेटेड रोड सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का मुख्य काम आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में मण्डल अपनी आवासीय योजनाओं की गति में तेजी लाएं। साथ ही, मण्डल की सभी सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन हो, ताकि लोगों को इनकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नई आवासीय योजनाओं में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, साथ ही ऑनलाइन आवेदन तथा ई-नीलामी की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए।

शर्मा ने अधिकारियों को जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नगर नियोजक सहित, नगरीय विकास विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास विभाग द्वारा जल्द से जल्द अपने अभियान्त्रिकी संवर्ग के सेवा नियम बनाए जाएं, जिससे राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र नवीन पदों पर भर्ती की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विभागों में लम्बे समय से एक स्थान पर कार्यरत कार्मिकों को बदला जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त कार्मिकों को नहीं बख्शा जाएगा तथा ईमानदार कार्मिक को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग में कार्मिकों से संबंधित सभी लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में शहरी परिदृश्य एवं नगरीय निकायों की स्थिति, विभागीय महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट, नवाचारों, मास्टर प्लान एवं ज़ोनल डवलपमेंट प्लान की स्थिति सहित विभिन्न विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया ने प्रैजेन्टेशन के माध्यम से नगरीय विकास विभाग के कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# ट्रम्प कैनडा व मैक्सिको पर भारी आयात शुल्क लगाएंगे, भारत को नए अवसर मिलेंगे

- **ट्रम्प ने शपथ ली है कि वाइट हाउस जाने के साथ ही वे पहला निर्णय कैनडा और मैक्सिको पर आयात शुल्क लगाने का करेंगे।**
- **विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भारत के लिए व्यापार, निवेश के नए अवसर खुलेंगे तथा टैक्सटाइल, इलैक्ट्रॉनिक्स और कैमिकल उद्योग में भारत को भारी लाभ हो सकता है।**
- **विशेषज्ञों ने कहा कि अगर आयात शुल्क के दायरे में कृषि उत्पादों को भी शामिल किया जाता है तो भारत को दालें, मसाले व प्रौसैस्ड फूड के निर्यात का भी अवसर मिलेगा।**

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। अगले साल 20 जनवरी को डॉनल्ड ट्रम्प वाइट हाउस में चले जाएंगे और उनके द्वारा तुरंत लिया जाने वाला एक निर्णय होगा कैनडा और मैक्सिको से आयात पर शुल्क लगाना।

यह प्रस्तावित कदम भारत के लिए, बढ़े हुए व्यापार, निवेश और बदले हुए सप्लाई चेन के माध्यम से अवसर पैदा करेगा।

व्यापार विश्लेषकों का कहना है कि यदि अमेरिकी कम्पनियों को कैनडा और मैक्सिको से आयातित माल पर लगाए गए शुल्क के कारण ऊँची लागत का सामना करना पड़ता है, तो वे वैकल्पिक सप्लायर्स की तलाश कर सकते हैं। अपनी बेहतर उत्पाद क्षमता के साथ भारत, विशेष रुप से वस्त्र, दवा और मशीनरी जैसे क्षेत्रों में माल की आपूर्ती करने के लिए आगे आ सकता है।

यदि ये शुल्क कृषि उत्पादों पर भी लागू होते हैं, तो भारत को अमेरिका के बाज़ार में अनाज, मसाले और प्रोसैस्ड खाद्य पदार्थ निर्यात करने का अवसर मिल सकता है।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत के लिए टैक्सटाइल, इलैक्ट्रॉनिक्स और कैमिकल्स जैसे उद्योगों को टारगैट करना विशेषरुप से लाभकारी होगा।

कैनडा या मैक्सिको की कंपनियाँ, जो अमेरिका के साथ व्यापार पर निर्भर हैं, वो अपना कामकाज ऐसे देशों में ले जाने के बारे में सोच सकती हैं जहाँ व्यापार में बाधाएं कम हों। एक बढ़ती इकॉनमी के रुप में भारत, जहाँ व्यापार के क्षेत्र में अनुकूल सुधार हुए हैं, ऐसे कुछ निवेशों को आकर्षित कर सकता है।

इसके अलावा अमेरिका, भारत को उत्पादन और आपूर्ति के लिए एक विकल्प के रुप में देख सकता है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका के उद्योगों को शुल्कों से प्रभावित होकर उच्च लागत का सामना करना पड़ता है, तो वे अन्य क्षेत्रों में खर्चों को कम करने की कोशिश कर सकते हैं। जिससे, इन्फॉर्मेशन टैक्नॉलजी, व्यापार प्रक्रियाएं तथा अन्य सेवाएं भारतीय कंपनियों को आउटलोर्स करने की सोच सकते हैं।

इसके साथ-साथ, कैनडा और मैक्सिको के साथ तनावपूर्ण रिश्तों से उत्पन्न होने वाले परिणामों को संतुलित करने के लिए अमेरिका, भारत के साथ नजदीकी संबंध बनाने पर विचार कर सकता है। इससे टैक्नॉलजी और डिफैन्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार समझौतों या सहयोग की संभावना हो सकती है।

अमेरिका के इस कदम से लाभ उठाने के लिए भारत को कई चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय उत्पादों को अमरीकी गुणवत्ता तथा नियामक मानकों पर खरा उतरना होगा, ताकि इन अवसरों का पूरा लाभ उठाया जा सके। इस स्थिति से लाभ उठाते हुए, भारत को अपनी कूटनीति पर चलते हुए भी सावधानी बरतनी होगी, ताकि सभी संबंधित देशों के साथ मजबूत संबंध बने रहें।

इसके अतिरिक्त, व्यापार विश्लेषक कहते हैं कि चीन द्वारा भारत को दी जा रही प्रतिस्पर्धा को किसी भी स्थिति में नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता।

नॉर्थ अमेरिका में बनी वस्तुओं पर शुल्क लगाने से, अमेरिका की कंपनियाँ, अन्य क्षेत्रों से अधिक किफायती वस्तुओं की सोर्सिंग करने पर विचार कर सकती हैं। जिससे, पहले से लागू शुल्क के बावजूद, चीन के मैनुफैक्चरिंग सैक्टर को लाभ हो सकता है। चीन में बहुत बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है तथा इसकी सप्लाई चेन मजबूत हैं, जिसके कारण चीन कैनडा और मैक्सिको द्वारा खाली छोड़े गए स्थान को भरने के लिए एक मजबूत दावेदार बन सकता है। हालाँकि, चीन में होने वाला अत्यधिक उत्पादन तथा वर्तमान में कमज़ोर पड़ी उपभोक्ता मांग, जैसी चुनौतियाँ इस देश को इन बदलावों का पूरा लाभ उठाने में बाधा बन सकती हैं।

भारत के लिए, यह स्थिति "चाइना प्लस वन" रणनीति को मजबूत करने का अवसर देती है, जिसका उद्देश्य निर्माताओं को चीन से अलग होने के लिए आकर्षित करना है। अब जबकि, ग्लोबल ट्रेड डायनमिक्स बदल रहे हैं, तो ऐसे में भारत खुद को एक "वैकल्पिक मैनुफैक्चरिंग हब" के रुप में प्रस्तुत कर सकता है। खासकर, अगर भारत घरेलू उत्पादन को सहायता देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अपनी नीतियों में थोड़ा बहुत परिवर्तन करता है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस्कॉन के प्रमुख हैं।

चिन्मय दास को जमानत नहीं दी गई है, वे अभी भी जेल में ही हैं। उन पर देशद्रोह तथा बांग्लादेश के झंडे का अपमान करने का आरोप है। भारत का कहना है कि चिन्मय कृष्णदास की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम सरकार को विशेष प्रयास करना चाहिए। यह यकीन करने के पूरे कारण हैं कि अल्पसंख्यकों पक्ष रख रहे चिन्मय कृष्ण दास पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। हाल ही में, बांग्लादेश में भारतीय झंडे का अपमान करने की कई घटनाएं हुई हैं, एक कट्टरपंथी संगठन के सदस्यों ने यह हरकत की है।

आश्चर्य की बात है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुछ नहीं कहा है, जबकि वे तो हर छोटी बात पर टीका टिप्पणी करने के लिए जानी जाती हैं। हिंदुओं के खिलाफ हो रहे संगठित हमले पर वे चुप है इससे पहले भी जब शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई हिंसा पर भी चुप रही। इसी बीच, शेख हसीना ने अवश्य हालिया घटनाओं पर टिप्पणी की तथा हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

## पहली बार के सांसद मुरलीधर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

132 सीटों के साथ भाजपा सबसे आगे है। पर अभी भी भाजपा ने विधायक दल की बैठक नहीं बुलाई है, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा होनी है।

पूरी संभावना है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी भाजपा को ही मिलेगी, क्योंकि इसकी सीटें सर्वाधिक हैं। शिंदे की शिवसेना को 57 और अजित पवार की एन. सी. पी. को 41 सीटें मिली हैं। ये दोनों दल मुख्यमंत्री की कुर्सी की बजाय प्रमुख विभागों पर फोकस कर रहे हैं।

शिंदे ने अपनी पार्टी के नेताओं को संकेत दिया है कि वे उपमुख्यमंत्री का पद नहीं लेगें, क्योंकि यह उनका डिमोशन होगा, इसलिए उनकी पार्टी का कोई और नेता उपमुख्यमंत्री बनेगा।

सूत्रों ने संकेत दिया कि नई सरकार के पावर शेयरिंग फॉर्मूला में दो उपमुख्यमंत्री होंगे, एक भाजपा से तथा दूसरा घटक दलों से। मंत्री पदों के वितरण में भाजपा 20 विधायकों को मंत्री बनाएगी, जिनमें एन. सी. पी. की बजाय शिवसेना से ज्यादा मंत्री लिए जाएंगे।

इसी बीच, शिवसेना नेता दृढ़ता से कह रहे हैं कि एकनाथ शिंदे को ही मुख्यमंत्री बनाया जाए। उनका कहना है कि महायुति को यह जीत शिंदे की "लड़की बहिन" योजना की सफलता से मिली है।

इस समय शिंदे के अगले कदम को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पार्टी प्रवक्ता और विधायक संजय शिरसत ने कहा कि शिंदे के उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने की संभावना नहीं है, जो व्यक्ति मुख्यमंत्री रहा हो, उसके लिए उपमुख्यमंत्री बनना सही नहीं है। इसके अनिश्चितता और बढ़ गई है।

सिरसत ने कहा कि शिंदे की चिंता यही है कि पार्टी के कई नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली मूल शिवसेना में लौट सकते हैं, जिससे उनकी सौदेबाजी करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

शिंदे के पुत्र श्रीकांत शिंदे, जो कल्याण से सांसद हैं, ने कहा कि उनके पिता महायुति के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनकी प्राथमिकता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की बजाय सामूहिक शासन है, वे गठबंधन धर्म को प्राथमिकता देते हैं। ऐसा कहकर श्रीकांत ने अटकलों को विराम देने का प्रयास किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा, अगर भाजपा मुरलीधर को चुन ले जो दूर-दूर कहीं भी रेस में नहीं हैं। पार्टी ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ऐसा ही किया था।

## क्या एकनाथ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पवार ग्रुप के लिए क्रमशः 11 और 9 विभाग छोड़ना चाहती है। कथित रूप से वित्त विभाग अजित पवार ग्रुप के पास ही रहेगा, जबकि शिंदे सेना को शहरी विकास तथा जन कल्याण विभाग मिलेंगे। शिंदे सेना प्रवक्ता, संजय शिरसाट ने महायुति में चल रही आंतरिक कशमकश के संकेत दिए। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति एक बार मुख्यमंत्री रह चुका हो उसके लिए उपमुख्यमंत्री के रूप में पद स्वीकार करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा "लेकिन, शिंदे साहब से हमारी प्रार्थना है कि उन्हें केन्द्र में नहीं जाना चाहिए। तथापि, जो भी निर्णय वो लेंगे, हम उनका समर्थन करेंगे।"

गुरुवार की शाम को अमित शाह से मीटिंग के बाद, जिसे उन्होंने सकारात्मक बताया, शिंदे संभवतः दिल्ली जाने के बारे में सोच रहे हैं। वैसे भी, उनके पार्टी नेता, इन संभावनाओं को लेकर आशान्वित हैं कि, भाजपा शायद एक बार फिर मुख्यमंत्री का पद शिंदे को दे देगी। लेकिन, ये संभावनाएं मूर्तरूप लेंगी, इसके आसार कम हैं। तथापि, शिरजाट ने कहा, "पहले मुख्यमंत्री के बारे में निर्णय हो जाने दें। बाकी बाद में होगा।"

## सी.डब्ल्यु.सी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जो इस बिन्दु पर अन्दरूनी अभिशंसाएं देंगी कि संगठन आगामी चुनाव लड़ने के लिये चुस्त-दुरूस्त कैसे बने।

खड़गे ने कहा कि पार्टी को कुछ सख्त निर्णय लेने की जरूरत है तथा आगामी दिनों और सप्ताहों में ऐसा किया जायेगा।राहुल ने गौरव गोगोई की इस बात का समर्थन किया कि अगर पार्टी गलत कामों को लेकर सेबी से टक्कर ले सकती है तो चुनाव आयोग से, उसकी कमियों और खामियों को लेकर, क्यों नहीं टकरा सकती। अब तक पार्टी चुनाव आयोग के साथ नरमी से पेश आती रही है, भले ही वह पूरी तरह से पक्षपात करता रहा हो।

सी.डब्ल्यू.सी. ने साम्प्रदायिकता तथा विभाजनकारी नीतियों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला तथा कहा कि सरकार सत्ता की सतत भूख के कारण, संस्थाओं तथा तंत्रों को नष्ट कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

था कि उस जगह पहले हरिहर मन्दिर बना हुआ था।

चौबीस नवम्बर को इसका विरोध करने के लिये लोग मस्जिद के पास इकट्ठे हो गये तथा सुरक्षाकर्मियों के साथ उनका टकराव हो गया तथा इसके बाद पत्थरबाजी तथा आगजनी की गई। हिंसा में चार लोग मारे गये तथा अन्य बहुत से लोग घायल हो गये।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्देशों के जरिये, इस मामले में ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हस्तक्षेप किया है, जब दक्षिणपंथी हिन्दुत्ववादी ग्रुप बड़ी संख्या में स्थानीय अदालतों में पहुँच रहे थे तथा कह रहे थे कि यह मालूम करने के लिये सर्वे के आदेश दिये जायें कि यह मन्दिर है या मस्जिद है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का स्वागत करते हुये, सर्वोच्च न्यायाल के वरिष्ठ एडवोकेट प्रशान्त भूषण ने "एक्स" पर टिप्पणी की है: "सर्वोच्च न्यायालय ने सम्भल की मस्जिद के सर्वे के प्रकरण में ट्रायल कोर्ट को यथास्थिति बनाये रखने के आदेश देकर सराहनीय कार्य किया है। ऐसी आशा है कि इससे वहाँ हो रहा अनिष्ट रूक जायेगा। आशा की जा रही है कि सर्वोच्च न्यायालय जल्दी ही उन साम्प्रदायिक उपद्रवों का अन्त कर देगा, जो पूरे देश में मस्जिदों के सर्वे की आड़ में हो रहे हैं।"

## दुष्कर्म के प्रयास ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जिसमें ए.डी.जे. कोर्ट ने 18 दिसंबर, 1991 में याचिकाकर्ता को पांच साल की सजा सुनाई थी। मामले में पीड़िता के अलावा, कोई स्वतंत्र गवाह भी नहीं था। इसके अलावा मेडिकल में पीड़िता के चोट भी नहीं मिली। वहीं, सरकारी पक्ष की ओर से अधिवक्ता मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि एफ.एस.एल. जांच में दुष्कर्म का प्रयास साबित है।

# राजस्थान की सड़कों के लिए केन्द्र ने 1154 करोड़ की मंजूरी दी

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी

- **केन्द्र सरकार ने यह राशि केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधी (सी.आर. आई.एफ.) तथा सेतुबंधन योजना के तहत स्वीकृत की है।**

जयपुर , 29 नवम्बर। प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढ ीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल परिवहन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्रदेश के 15 लोकसभा क्षेत्रों के 17 जिलों में इस राशि से वृहद जिला सड़क (एम.डी.आर.) तथा स्टेट हाईवे श्रेणी की 27 सड़क परियोजनाओं का चौड़ाई करण एवं सुदृढ़ ीकरण किया जाएगा।

इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिले में 24 करोड़ की लागत से 24 कि.मी,खैरथल-तिजारा जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 कि.मी, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62 कि.मी, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 कि.मी, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 कि.मी, चित्तौडगढ के प्रतापगढ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 कि.मी,जयपुर ग्रामीण तथा सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 कि.मी सड़कों का निर्माण चौड़ाईकरण एवम सुदृढ़ ीकरण करवाया जाएगा।

इसी प्रकार जालौर में 65 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 कि.मी,जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 कि.मी,कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 कि.मी तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण,पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 कि.मी, राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 कि.मी, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 कि.मी तथा उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 कि.मी राज्य सड़कों का सुदृढ ीकरण एवं चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।

## दिल्ली में कांग्रेस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी 70 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने साफ किया कि चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में फैसला चुनाव के बाद कांग्रेस विधायक दल द्वारा किया जाएगा।

बता दें कि इस साल हुए लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी। लेकिन दोनों दल एक भी सीट जीतने में नाकाम रहे। लोकसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी के नेता कहने लगे थे कि उनकी पार्टी दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

दिल्ली में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी 70 में से 60 से ज्यादा सीटें जीती थी।

## बिरसा मुण्डा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मुंडा ने लिखा, 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा मेरे बड़े भाई आज 29.11.2024 की रात को लगभग 12:30 बजे हमारे बीच नहीं रहे।'

बता दें कि सड़क हादसे के बाद मंगल मुंडा को रांची स्थित रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उनका जारी था। इसके बाद मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मंगल मुंडा के परिजनों से भी बात की और डॉक्टरों से कहा कि मंगल मुंडा का बेहतर इलाज किया जाए साथ ही उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## लम्बित अपराधिक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अदालत ने करीब नौ माह पहले याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था।

जनहित याचिका में अधिवक्ता विमल चौधरी ने अदालत को बताया कि अलवर में करीब दस हजार वर्ग मीटर जमीन का स्कूल के लिए आवंटन वोकेशनल एजुकेशन ट्रस्ट को हुआ था। ट्रस्ट ने यू.आई.टी. में आवेदन कर इसका विभाजन करा लिया और एक हिस्सा पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल की पार्टनरशिप वाली फर्म दिव्या इन्फोटेक को बेच दिया। वहीं, फर्म ने यहां मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए मंजूरी मांग ली। याचिका में कहा गया कि स्कूल के लिए आवंटित भूमि का दूसरा उपयोग नहीं जा सकता।

इसका विरोध करते हुए ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता शोभित तिवाड़ी ने कहा कि अदालत को याचिका की मेरिट पर जाने से पहले याचिकाकर्ताओं का आचरण देखना चाहिए। एक याचिकाकर्ता नीलेश खंडेलवाल ने वर्ष 2014 में सिंघल के खिलाफ एम.एल.ए. का चुनाव लड़ा था और उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जबकि अन्य याचिकाकर्ता हेमंत कुमार व अन्य के खिलाफ भी आपराधिक मामले हैं। जनहित याचिका की आड़ में ब्लैकमेलिंग, राजनीतिक हित और व्यक्तिगत हित साधे जा रहे हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने जनहित याचिका को हर्जाने के साथ खारिज कर दिया है।

# महाराष्ट्र में बस पलटने से नौ की मृत्यु

- **एक दुपहिया वाहन को ओवर टेक करते हुए बस पलट कर 20 फुट नीचे गड्ढे में गिर गई।**
- **दुर्घटना में घायल 25 यात्रियों में से कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री शिंदे ने मृतकों के परिजनों को दस लाख रु. की आर्थिक सहायता के निर्देश दिये।**

गोंदिया, 29 नवंबर। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के दाववा गांव के पास शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र सड़क परिवहन निगम (एम.एस.आर.टी.सी.) की एक बस पलट जाने से नौ यात्रियों की मौत हो गई और अन्य 25 घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, हादसा तब हुआ, जब एम.एस.आर.टी.सी. की शिव शाही बस भंडारा से गोंदिया जा रही थी। बस दोपहिया वाहन को ओवरटेक करने के दौरान पलटकर सड़क से करीब 20 फुट नीचे गहरे गड्ढे में गिर गयी। इसमें सवार नौ यात्रियों की मौत हो गई, अन्य 25 यात्री घायल हो गए, जिसमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बस दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद, दाववा के ग्रामीण दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस बुलाई गई और उन्हें गोंदिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही डुग्गीपार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। हादसे के कारण गोंदिया-कोहमारा मार्ग पर यातायात कुछ देर के लिए रोक दिया गया।

कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कलेक्टर प्रजीत नायर से हादसे की जानकारी ली। प्रशासन को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

शिंदे ने मृतक के परिजनों को दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया।

# प्रशासन ने सम्भल में इंटरनेट चालू किया

लखनऊ, 29 नवंबर। संभल में बवाल के बाद इंटरनेट पर लगे बैन को हटा लिया गया है। मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल होने से लोगों को राहत मिली है। इस बीच संभल जिला प्रशासन ने किसी भी राजनीतिक पार्टी के आने पर पाबंदी लगा दी है। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए, जिले में पुलिस बल को संवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार, संभल जिला प्रसाशन ने अगले 10 दिनों तक किसी भी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के आने पर रोक लगा दी है। यह रोक पहले 30 नवंबर तक थी, जिसे अब अगले 10 दिनों तक और बढ़ा दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि अगले 10 दिन के बाद स्थिति को देखते हुए इस संबंध में फैसला लिया जाएगा।

वहीं, समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 30 नवंबर को संभल जायेगा और पीड़ित लोगों से मिलकर रिपोर्ट समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को देगा। प्रतिनिधिमंडल में कई सांसद और विधायक भी शामिल हैं। सपा से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में 15 सदस्य प्रतिनिधिमंडल संभल का दौरा करेगा।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600